**न्यूज ब्रीफ**

### एनएसएस के सात दिनी शिविर का उद्घाटन आज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज, राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर 14 फरवरी 2026 को 11.00 बजे प्रारंभ होगा। इस सात दिवसीय शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो मोहसिन हसन खां करेंगे। यह जानकारी प्रो डा फय्याज अहमद ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम-द्वितीय छात्र-छात्रा इकाई का सात दिवसीय शिविर प्राइमरी पाठशाला दिलाजाक और तृतीय छात्र इकाई का शिविर मऊ खालसा गांव में आयोजित होगा। शिविर में जागरूकता अभियान से सम्बंधित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### जीएफ कॉलेज में पुस्तक मेला 16 को

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीएफ कॉलेज में पुस्तक मेला-2026 का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष सैयद अनीस अहमद ने बताया कि 16 फरवरी 2026 को प्रातः 10.00 बजे कॉलेज कैंपस में पुस्तक मेला-2026 का आयोजन केंद्रीय पुस्तकालय, जीएफ कॉलेज के संयोजकत्व में आयोजित किया जाएगा। जिसका उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. मोहसिन हसन खां करेंगे। इस पुस्तक मेले में छात्र-छात्राओं एवं साहित्य प्रेमियों के लिए सम्पूर्ण भारत से प्रतिष्ठित प्रकाशकों की हिन्दी, अंग्रेजी एवं उर्दू भाषा में शैक्षणिक, प्रतियोगी एवं सामान्य ज्ञान संबंधी - नवीनतम पुस्तकों से परिचय का सुनहरा अवसर मिलेगा।

### तक्षशिला स्कूल में बोर्ड छात्रों की कार्यशाला

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तक्षशिला पब्लिक स्कूल में बोर्ड परीक्षा संबंधी शंकाओं के समाधान के लिए कार्यशाला आयोजित की गई। प्री-बोर्ड में वरीयता प्राप्त छात्र-छात्राओं को रोली-चावल लगाकर मिठाई खिलाई गई और प्रवेश पत्र दिए गए। इस वर्ष हाई स्कूल में 181 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। उपप्रधानाचार्य के सी जोशी ने छात्रों को ओएमआर शीट भरने, उत्तर लिखने और परीक्षा केंद्र संबंधी जानकारी दी। निदेशक अरुण कुमार खंडेलवाल और प्रधानाचार्य प्रखर खंडेलवाल ने छात्रों को तनावमुक्त होकर परीक्षा देने की सलाह दी। संचालन हेमंत तनेजा ने किया। चेताली श्रीवास्तव, इमरान हुसैन, शैलेंद्र सिंह चौहान, आशीष मिश्रा, सतरूपा करमाकर, गोविंद सिंह मोंगा, प्रीति पांडे सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ध्यान से चेतना की ऊर्ध्व यात्रा जाग्रत

## श्रीराम चंद्र मिशन आश्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब, विश्व शांति को मंगल कामना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में स्व काशीराम अग्रवाल और बाबूजी महाराज के बीच लिखे पत्रों पर आधारित पुस्तक का विमोचन करते वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी'।

**अमृत विचार :** श्री राम चन्द्र मिशन के अध्यक्ष एवं हार्टफुलनेस मेडिटेशन के वैश्विक मार्गदर्शक कमलेश डी. पटेल 'दाजी' के सान्निध्य और मार्गदर्शन में श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम की पुण्य धरा पर बसंत उत्सव-2026 के प्रथम चरण के द्वितीय दिवस का शुभारंभ ध्यान-साधना से हुआ।

देश-विदेश से से आए अभ्यासियों ने एकात्म भाव से सामूहिक ध्यान कर मानव कल्याण एवं विश्व शांति के लिए मंगल कामना की। आश्रम परिसर शांति, श्रद्धा और साधना की दिव्य तरंगों से आलोकित हो उठा।

इस अवसर पर कमलेश डी. पटेल 'दाजी' ने अपने प्रेरक संदेश में कहा कि दैवीय प्राणाहुति के माध्यम से चेतना के उच्चतर आयामों के द्वार स्वतः खुलते हैं। यह साधना मनुष्य को संसार से विरक्त होने का नहीं, बल्कि भीतर से परम सत्ता से जुड़ते हुए गृहस्थ जीवन में संतुलन और सामंजस्य स्थापित करने का मार्ग सिखाती है।

- अभ्यासियों ने ध्यान साधना से की विश्व कल्याण की कामना

दाजी ने अभ्यासियों का आवाहन किया कि वे अपने भीतर की जड़ताओं को त्यागकर प्रेम, करुणा और शांति के पथ पर अग्रसर हों तथा अपने जीवन को साधना का सजीव माध्यम बनाएं। इस मौके पर बाबूजी महाराज के प्रपौत्र विनीत चंद्रा ने बाबूजी महाराज के साथ पारिवारिक जीवन में बिताए गए क्षणों को साझा किया। श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम के उद्घाटन समारोह के साक्षी रहे मिशन के वरिष्ठ अभ्यासी रघुवीर अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किए।

### दाजी ने ध्यान कराया पुस्तक का विमोचन

**शाहजहांपुर :** श्री रामचन्द्र मिशन आश्रम में चल रहे बसन्त उत्सव में कमलेश डी. पटेल दाजी ने शाहजहांपुर के प्रशिक्षक माधोगोपाल अग्रवाल, राजगोपाल अग्रवाल, श्री गोपाल अग्रवाल पिता और मिशन के सचिव रहे स्व काशीराम अग्रवाल और बाबूजी महाराज के बीच लिखे गए पत्रों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन भी किया। विमोचन में काशीराम अग्रवाल के पौत्र मदन और नातिन राशि ने विमोचन में सहयोग किया।

# नैतिक मिस्टर और वेदिका मिस फेयरवेल



डॉ जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल में आयोजित समारोह में नैतिक मौर्य को 'मिस्टर फेयरवेल' का खिताब देते मुख्य अतिथि।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- डॉ जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल में हुआ आशीर्वाद समारोह

**अमृत विचार :** डॉ जीएल कनौजिया पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य अवनीश कुमार सिंह के निर्देशन में आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ रश्मि कनौजिया ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए प्रेरित किया। डॉ. संचिता ने कहा कि जीवन में संघर्ष जितना कठिन होगा, सफलता उतनी ही ऊंची और शानदार होगी। विद्यालय के प्रशासक अवधेश वर्मा ने छात्रों को चुनौतियों को स्वीकार करने की सलाह दी। प्रधानाचार्य अवनीश कुमार सिंह ने विद्यार्थियों में सकारात्मकता का संचार करते हुए हमेशा आशावादी रहने की सीख दी। कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का जूनियर छात्रों और शिक्षकों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया।

इस वर्ष नैतिक मौर्य को ''मिस्टर फेयरवेल'' और वेदिका गोस्वामी को ''मिस फेयरवेल'' का खिताब दिया गया। मंडल स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन करने वाले और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# रोजा में नरमू ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा को ज्ञापन देते नरमू के पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने रोजा रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। उन्होंने नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के पदाधिकारियों से मुलाकात की। यूनियन के पदाधिकारियों ने रेल कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर 23 सूत्रीय ज्ञापन दिया। उन्होंने मांगों के निस्तारण का आश्वासन दिया। महाप्रबंधक मात्र दस मिनट रुकने के बाद विंडो निरीक्षण करते हुए मुरादाबाद के लिए चले गए।

उत्तरे रेलवे के जीएम अशोक कुमार वर्मा बालामऊ, हरदोई आदि रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते हुए शाम रोजा स्टेशन पर प्लेटफार्म पर छह पर पहुंचे। वह अपने निरीक्षण यान से नीचे प्लेटफार्म पर उतरे और नार्दन रेलवे मेंस यूनियन के शाखा सचिव भागवत मिश्रा से मिले। उन्होंने जीएम को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने दिए ज्ञापन में बताया कि 50 प्रतिशत डीएम बढ़ने पर केएमए की दर से 25 प्रतिशत बढ़ोतरी की जाए। इसके अलावा मुरादाबाद मंडल में कई कर्मचारियों के तीन से चार साल पूरे होने के बाबजूद पदोन्नति न होने और वरिष्ठ सहायक लोको पायलट के रिक्त पदों को पद भरा जाए, रेलवे कालोनी में पानी की टंकी रखी जाए, किचन और बाथरूम में टाइल्स लगाई जाए, जर्जर पाइप लाइन बदली जाए, नए रेल आवास बनाए जाए, रोजा बड़ी फील्ड का जीर्णोद्धार किया जाए और एक नया बारात घर बनाया जाए तथा कर्मचारियों के बढ़े हुए टीए का भुगतान किया जाए। उन्होंने रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने के बाद स्टेशन अधीक्षक श्रीकांत समेत अन्य अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। जीएम ने रोजा स्टेशन से मुरादाबाद तक विंडो निरीक्षण किया। इस दौरान डीआएम विनात श्रीवास्तव, सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता आदि अधिकारी मौजूद रहे।

- करीब 10 मिनट रुके, अधिकारियों को दिए निर्देश, मुरादाबाद तक विंडो निरीक्षण

## राजकीय महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद संपन्न

**तिलहर, अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महाविद्यालय में क्रीड़ा प्रभारी डॉ. शशिभूषण के निर्देशन में वार्षिक खेल प्रतियोगिताएं हुईं। बैडमिंटन छात्र वर्ग में बीए पंचम सेमेस्टर के नाजिम और छात्रा वर्ग में पंचम सेमेस्टर की काजल कैरम छात्र वर्ग में सद्दाम तथा छात्रा वर्ग में बीए प्रथम सेमेस्टर की प्रियंका प्रजापति विजेता बनीं। शतरंज छात्र वर्ग में शोभित कुमार व छात्रा वर्ग में शशि देवी जीतीं। टेबल टेनिस छात्रा वर्ग में छाया और छात्र वर्ग में बीए तृतीय सेमेस्टर के मो. नाजिम विजेता रहे। लंबी कूद छात्र वर्ग में मो. सद्दाम प्रथम, मो. नाजिम द्वितीय, नितिन कुमार तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में मीनाक्षी प्रथम, सूबी द्वितीय तथा मधु देवी और प्रियंका संयुक्त तृतीय रहीं। ऊंची कूद छात्र वर्ग में मोहम्मद सद्दाम प्रथम, नितिन कुमार द्वितीय, मोहित यादव और कपिल शर्मा संयुक्त तृतीय रहे। छात्रा वर्ग में मीनाक्षी प्रथम, लक्ष्मी द्वितीय तथा प्रियंका और हिमांशी संयुक्त तृतीय रहीं। प्राचार्य डॉ. सरन पाल सिंह ने विजेताओं को शुभकामनाएं दीं।

# स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला

संवाददाता, शाहजहांपुर

- आर्य समाज टाउन हाल रोड के तत्वावधान में जन्मोत्सव समारोह

**अमृत विचार :** आर्य समाज टाउन हाल रोड के तत्वावधान में स्वामी दयानन्द सरस्वती के जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव के द्वितीय दिवस में प्रातः यज्ञोपरान्त आर्य जगत के सुप्रसिद्ध वैदिक प्रवक्ता आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने विलुप्त प्राय वैदिक धर्म वेद का ज्ञान पुनः भारत वर्ष में जाग्रत किया। स्वामी जी ने गुलामी के समय वेद उपनिषद् जिन्हें हम भूल गए ये उन्हें ऋषिवर ने हमको पुनः वैदिक पथ पर चलना सिखाया और हमें सही रास्ता दिखाया। आर्य समाज की स्थापना की सत्यार्थ प्रकाश जैसा हमें कालजयी ग्रंथ दिया, जो कान्तिकारियों की गीता है। उस महान ऋषि ने देश में व्याप्त जातिपात, छुआछूत, भेदभाव को समाप्त करने का बीड़ा उठाया था। विधवा विवाह करवाकर लाखों महिलाओं का उद्धार किया।

उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द ने ही सबसे पहले कन्या गुरुकुल खुलवाए। सभी महिलाओं को पढ़ने का समान अधिकार दिया। इससे पहले काफी महिलाएं गायत्री मन्त्र नहीं पढ़ सकती थीं। यह प्रताप का ही प्रभाव है कि आज विश्व में महिलाएं विभिन्न जगहों पर उच्च पदों पर विराजमान हैं। हम सबको ऋषि ऋण को उतारने के लिए ऋषि का सन्देश घर-घर पर पहुंचाना चाहिए। कार्यक्रम में जितेन्द्र नाथ आर्य, भुवनेश गुप्ता, आशा गुप्ता, नरेन्द्र मिड्ढा, प्रदीप, चन्दन, जगवीर, वन्दना सिंह, सुखदेव, सुशील आदि उपस्थित रहे।

## यूपी बोर्ड : 126 केन्द्रों पर लगाई 5146 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में 126 केन्द्रों पर डीआईओएस हरिवंश कुमार ने 5146 कक्ष निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई है। इनमें 2861 पुरुष और 2285 महिला कक्ष निरीक्षकों को केंद्र आवंटित किए गए हैं। डीआईओएस ने बताया कि 18 फरवरी से 12 मार्च तक होने वाली हाईस्कूल परीक्षा में 42785 और इंटर की परीक्षा में 36724 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर माध्यमिक के उपलब्ध कुल 966 आंतरिक निरीक्षक तैनात किए गए हैं। इनमें 676 पुरुष और 290 महिला शिक्षिकाएं हैं। इसी तरह परीक्षा केंद्रों पर आवंटित कुल बाह्य कक्ष निरीक्षक माध्यमिक के 1125 और बेसिक के 3055 कक्ष निरीक्षक तैनात किए गए हैं। इनमें माध्यमिक के 710 पुरुष और 415 महिलाएं हैं। जबकि बेसिक के 1475 पुरुष और 1580 महिलाएं ड्यूटी पर लगाई गई हैं।

# मेडिकल-पैरामेडिकल विज्ञान में एआई पर प्री-समिट

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर




वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में प्री-समिट कार्यक्रम में मौजूद अतिथि व विद्यार्थी।

- 'इंडिया एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026' से पूर्व विवि में ज्ञानवर्धक कार्यक्रम
- क्लॉडियस लैजरस का हेल्थकेयर स्टार्टअप पर मार्गदर्शन, सचिन चौहान ने एआई यात्रा बताई

**अमृत विचारः** वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय में 13 फरवरी 2026 को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखंड हॉस्पिटल के मुख्य सभागार में "एआई इन मेडिकल एंड पैरामेडिकल साइंस" विषय पर प्री-समिट कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्वावधान में 'इंडियाएआई प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026' से पूर्व संपन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता बरेली मेडटेक इंक्यूबेशन एंड इनोवेशन लैब्स के सह-संस्थापक एवं सीईओ क्लॉडियस लैजरस रहे। विशिष्ट वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय के मीडिया एवं मार्केटिंग प्रभारी इंजी. सचिन चौहान ने विचार रखे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। क्लॉडियस लैजरस ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार, स्टार्टअप विकास और एआई के उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आइडिया वैलिडेशन, प्रोटोटाइप डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल, रेगुलेटरी अप्रूवल, फंडिंग मॉडल और मार्केट एंट्री की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि एआई और रोबोटिक्स अस्पताल प्रबंधन, सर्जरी, टेलीमेडिसिन और प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अंत में क्विज का आयोजन किया गया।

इंजी. सचिन चौहान ने "वैदिक काल से एआई एवं रोबोटिक्स युग तक स्वास्थ्य सेवाओं की यात्रा" विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने आयुर्वेद से लेकर आधुनिक डिजिटल हेल्थ युग तक चिकित्सा के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की। एआई आधारित डायग्नोसिस, जीनोमिक्स, डिजिटल पेशेंट रिकॉर्ड और बिग डेटा एनालिटिक्स पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने एआई के नैतिक उपयोग और डेटा सुरक्षा की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. संथानन कृष्णन, डॉ. पूर्णिमा एस. भट्ट, डॉ. भरत, नेहा गुप्ता, आयुषी सक्सेना, आकांक्षा राठौर, एशिका सक्सेना, अरुण कुमार सहित विभिन्न संकाय सदस्य उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति-कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, कुलपति डॉ. किरन अग्रवाल, बीआईयू की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल तथा वीएएमसी के डीन एवं प्राचार्य डॉ. आर.एन. शुक्ला ने आयोजन की सराहना की और इसे नवाचार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# क्विज प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र जलालाबाद की टीम विजेता

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- मॉडल प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजमपुर ददरौल के संचित वर्मा रहे प्रथम
- जनपद स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** जनपद स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान मॉडल प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय इंटर कॉलेज में किया गया। जिसका उद्देश्य बच्चों में वैज्ञानिक अभिवृत्ति को बढ़ावा देने, करके सीखने तथा इनोवेशन की ओर उन्मुख करना था।

इससे पहले यह प्रतियोगिता ब्लॉक स्तर पर कराई गई। जिनमें चयनित विजेता बच्चों को जनपद स्तर पर मॉडल प्रदर्शनी तथा क्विज में भाग लेने का अवसर प्रदान किया गया। प्रत्येक विकास क्षेत्र के 5 बच्चों को मॉडल बनाने के लिए राज्य की ओर के तीन हजार रुपए की धनराशि प्रदान की गई।

छात्रों ने वेस्ट टू एनर्जी, दृष्टि अशक्त व्यक्तियों के लिए चश्मे, ग्लोबल वार्मिंग, जल चक्र, प्रकाश व्यवस्था, हर घर जल, दिव्यांग व्यक्तियों की सहायता के लिए छड़ी आदि आकर्षक विषयों पर मॉडल तैयार किए।

प्रतिभागी बच्चों के बनाए गए मॉडल का मूल्यांकन प्राचार्य डायट सोनिया गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरेश पाल, प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज निधि प्रज्ञा ने किया। मॉडल प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय मौजमपुर ददरौल के संचित वर्मा प्रथम, विकास क्षेत्र तिलहर के बादल द्वितीय, ददरौल के आयुष तृतीय, निगोही के फरहान चतुर्थ, तथा विकास क्षेत्र सिंधौली की आदित्यी पंचम स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में बंडा, पुवायां, जलालाबाद, भावलखेड़ा तथा कांट फाइनल राउंड में पहुंची। क्विज प्रतियोगिता में विकास क्षेत्र जलालाबाद की टीम विजेता रही। इन सभी को टैबलेट देकर पुरस्कृत किया गया।

क्विज में विजेता टीम में सिकंदरपुर अफगान उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 8 के अजय, उच्च प्राथमिक विद्यालय जलालाबाद के कक्षा 8 के मनोज, उच्च प्राथमिक विद्यालय मुड़िया कलां के रामानंद, कक्षा 8 उच्च प्राथमिक विद्यालय टॉपर कक्षा 8 के प्रवेश सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय डुही जदीद कक्षा 8 के अंशुल सम्मिलित थे।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान मॉडल प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को स्कूल बैग तथा लेखन सामग्री प्रदान की गई। सरस्वती वंदना प्राथमिक विद्यालय सूरतपुर के बच्चों ने प्रस्तुत की। जिन्हें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव ने कलर किट देकर पुरस्कृत किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने कार्यक्रम की रूपरेखा तथा महत्व को रेखांकित किया। प्राचार्य डायट सोनिया गुप्ता ने मॉडल बनाने वाले बच्चों को सराहना की।

वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरेश पाल ने बच्चों को डेटा हैंडलिंग सिखाने पर बल दिया। संचालन गौरव त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी विनय मिश्रा, नवीन पटेल, जिला समन्वयक प्रशिक्षण रोहित सिंह, एसआरजी अरुण कुमार गुप्ता, अश्वनी कुमार अवस्थी, ममता शुक्ला, दक्षिता अग्रवाल, प्रियंका गंगवार, डॉ विनय भट्ट, देवेश बाजपेई, इमरान सईद खां, शुभम तिवारी, जितेंद्र गुप्ता, पारुल मौर्य, सुशील रस्तोगी, मोहम्मद वली, रूपेंद्र जीत सिंह, राही, खुशबू शर्मा, हरिकिशोर दीक्षित, मगरे लाल, सचिन अवस्थी, डॉ विनय भट्ट, पल्लवी, प्रेमचंद्र वर्मा, मोहम्मद आमिर, जिला समन्वयक समेकित शिक्षा सोहन शुक्ला, जिला समन्वयक सामुदायिक शिक्षा सतीश कन्नौजिया आदि उपस्थित रहे।

# 39वीं जनपदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ, बच्चों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव।



बैंड के साथ मार्चपास्ट निकालते स्काउट गाइड के छात्र-छात्राएं। • अमृत विचार

- जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव व बीएसए ने गुब्बारे उड़ाकर किया प्रतियोगिता का उद्घाटन

**अमृत विचार :** जनपद की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाली 39वीं जनपदीय बेसिक शिक्षा परिषद दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ शुक्रवार को स्वर्ण जयंती स्पोर्ट्स स्टेडियम, ओसीएफ में उत्साह के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव व बीएसए दिव्या गुप्ता ने गुब्बारे उड़ाकर किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है तथा खेल भावना जीवन में अनुशासन और आत्मविश्वास का संचार करती है।

जनपद के विभिन्न विकास खंडों से आए छात्र-छात्राओं ने खेल मैदान में अनुशासन, उत्साह एवं उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्काउट गाइड के छात्र-छात्राओं ने बैंड के साथ मार्चपास्ट निकाला। निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किए। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव तथा बीएसए दिव्या गुप्ता ने विजेताओं को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किए। बीएसए ने बताया कि 14 फरवरी को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं समापन समारोह में प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय सुरेंद्र मौर्य, खंड शिक्षा अधिकारी भावलखेड़ा विनय मिश्रा सहित मुनीश मिश्रा, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, रवींद्र प्रजापति, महेंद्र सिंह, राम प्रसाद, अंकुर त्रिपाठी, देवेश बाजपेई, नितिन मिश्रा, यशपाल सिंह, निकहत परवीन, दपिंदर कौर, सचिन अवस्थी, सुनील यादव, विश्वनाथ प्रताप सिंह, मसूद कमाल, नरेश कुमार, विनीत गंगवार, मंगरे लाल, विश्राम सिंह, विनय गुप्ता, संतोष कुमार, संजीव कुमार, सचिन प्रेमी, शरण सिंह, राधेश्याम शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन वीरपाल यादव ने किया।

**जूनियर स्तर के परिणाम :** जूनियर बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शिवम (जैतीपुर) प्रथम, प्रेमपाल (मिर्जापुर) द्वितीय एवं आयुष (भावलखेड़ा) तृतीय रहे। 200 मीटर में शिवम प्रथम, शुभ कमल (सिंधौली) द्वितीय एवं सुमित (जलालाबाद) तृतीय रहे। जबकि 400 मीटर में प्रेमपाल (मिर्जापुर) प्रथम, अनमोल (मिर्जापुर) द्वितीय एवं सुमित (जलालाबाद) तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रोशनी (भावलखेड़ा) प्रथम एवं सोमवती (जौटीपुर) द्वितीय रहीं। 200 मीटर में रीता (ददरौल) प्रथम, रोशनी द्वितीय एवं काजल देवी (तिलहर) तृतीय रहीं, जबकि 400 मीटर में कंचन (जैतीपुर) प्रथम, रोशनी द्वितीय एवं खुशबू (पुवायां) तृतीय रहीं। खो-खो में निगोही विजेता एवं ददरौल उपविजेता रहा। वॉलीबॉल बालक वर्ग में कांट तथा बालिका वर्ग में कलान विजेता रहे।

### प्राथमिक के परिणाम

प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में अमन (भावलखेड़ा) प्रथम, कृष्णा (जैतीपुर) द्वितीय एवं जितेंद्र (तिलहर) तृतीय रहे। 200 मीटर दौड़ में अमन (तिलहर) ने प्रथम, अजनेश (जलालाबाद) ने द्वितीय तथा अमन (भावलखेड़ा) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में किरन (जैतीपुर) प्रथम, पल्लवी (मिर्जापुर) द्वितीय एवं मंजू (कटरा) तृतीय रहीं, जबकि 200 मीटर में रूबी (जलालाबाद) प्रथम, नंदिनी (भावलखेड़ा) द्वितीय एवं प्रांजल (तिलहर) तृतीय रहीं। खो-खो प्रतियोगिता में भावलखेड़ा विजेता एवं जलालाबाद उपविजेता रहा। सुलेख प्रतियोगिता में हिमांशी सिंह (भावलखेड़ा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# भरत मिलाप का प्रसंग सुन श्रोता हुए भाव-विभोर

संवाददाता, खुटार



कथा सुनाते कथावाचक अरविंद दीक्षित।

**अमृत विचारः** क्षेत्र के गांव चांदपुर में चल रहे रूद्र महायज्ञ के अंतर्गत आयोजित रामकथा में कथावाचक अरविंद दीक्षित ने भरत मिलाप का मार्मिक प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा पंडाल में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथावाचक ने बताया कि जब भरत जी चित्रकूट पहुंचकर भगवान राम से मिले तो दोनों भाइयों का प्रेम, त्याग और मर्यादा का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। भरत जी ने अयोध्या लौटकर राजगद्दी संभालने का आग्रह किया, लेकिन भगवान राम ने पिता की आज्ञा और वचन की मर्यादा का पालन करने की बात कही। प्रसंग सुनकर श्रोताओं की आंखें नम हो गयी। उन्होंने कहा कि भरत मिलाप भाईचारे, त्याग और धर्म पालन का सर्वोच्च उदाहरण है, जो समाज को आपसी प्रेम और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। कथा के दौरान भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरुकुल के बच्चों ने राजपाल यादव को भेजी गुल्लक

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित गुरुकुल सेवा ट्रस्ट के छात्र-छात्राओं ने अपने पसंदीदा अभिनेता राजपाल यादव की आर्थिक मदद के लिए अपनी पॉकेट मनी गुल्लक में जमा कर बंडा स्थित उनके कुंडरा गांव भेजी। ट्रस्ट अध्यक्ष कुमार सागर के सहयोग से बच्चों ने संदेश भेजा कि वे चिंता न करें और इस राशि से कर्ज चुका दें। समाजसेवी कुमार सागर ने कहा कि छोटों का प्यार और बड़ों का आशीर्वाद उनके साथ है। संस्था के बच्चों व पदाधिकारियों ने उनके सकुशल घर लौटने की कामना की।

### विद्युत विभाग का छापा 21 पर कार्रवाई

**कलान, अमृत विचार :** विद्युत विभाग और प्रवर्तन दल शाहजहांपुर की संयुक्त टीम ने नगर में छापा मारकर 21 उपभोक्ताओं के खिलाफ अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की। 35 बकायेदारों के संयोजन विच्छेदित किए गए और दो लाख पांच हजार रुपये की वसूली की गई। प्रकाश सिंह के नेतृत्व में चले अभियान में अवर अभियंता जोगेंद्र कुमार, अखिलेश बर्मा, अतुल तिवारी, रणजीत सिंह सहित टीम मौजूद रही। कार्रवाई से उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया।

### बेटे के बाद पिता की लखनऊ में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** अल्हागंज थाना क्षेत्र में तिलक ले जाते समय घायल छोटेलाल की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी। वहीं उनके बेटे समेत दो की घटना स्थल पर मौत हो गयी थी। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला महमंद हद्दफ निवासी आनंद पाल अपनी बहन सविता का तिलक लेकर फर्रुखाबाद कार से जा रहे थे। अल्हागंज क्षेत्र में नौ फरवरी को ट्रक ने कार को टक्कर मार दी थी, जिससे आनंदपाल और सुरेश पाल की मौके पर मौत हो गयी थी। जबकि सविता के पिता छोटेलाल समेत पांच लोग घायल हो गए थे। घायल छोटेलाल की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### आमना मेमोरियल स्कूल का 20वां वार्षिकोत्सव कल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** आमना मेमोरियल पब्लिक जूनियर हाईस्कूल, बाडूजई प्रथम का 20 वां वार्षिकोत्सव रविवार, 15 फरवरी को सुबह 10 :00 बजे स्कूल परिसर में मनाया जाएगा। यह जानकारी प्रिंसिपल निकहत नसीम “शान” ने दी। उन्होंने बताया कि समारोह की मुख्य अतिथि नगर निगम की मेयर अर्चना वर्मा होंगी।

# पुलिस से ग्रामीणों की हाथापाई, ईंट मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ा

## खुटार क्षेत्र के गांव सिल्हुआ में जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट की सूचना पर पहुंची थी पुलिस

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** जमीनी विवाद में गांव सिल्हुआ में गुरुवार रात को दो पक्षों में मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस से हाथापाई हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस की प्राइवेट गाड़ी का शीशा को ईंट मारकर तोड़ दिया गया। घटना की जानकारी पाकर थाने से और पुलिस फोर्स भेजी गई। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस के अनुसार, जमीन के मामले में विवाद की सूचना पर पुलिस गांव गई थी। विवाद के बाद एक आरोपी को हिरासत में लिया। पुलिसकर्मियों और गाड़ी का शीशा तोड़ने से जैसी घटना नहीं हुई है। जबकि गांव में इस बात की काफी चर्चा का विषय बना हुआ है। लेकिन पुलिस इस घटना को दबाने का प्रयास कर रही। गांव सिल्हुआ में गुरुवार रात को सत्यपाल और जंडेल के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया था। सूचना पर पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे और पूछताछ की थी। लेकिन दोनों पक्ष विवाद करते रहे। पुलिस के समझाने और पांच से छह पुलिसकर्मियों से मामला नहीं संभला तो यूपी 112 डायल पुलिस को बुला लिया गया। बाद में पुलिस और एक पक्ष से काफी नोकझोंक हो गई। पुलिस के गाली-गलौज करने पर मामला हाथापाई पर उतर आया। इस बीच गांव में भारी तादाद में लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस का एक पक्ष से विवाद होने की सूचना पर थाने से पुलिस फोर्स पहुंच गई। चर्चा है कि पुलिस से एक पक्ष का विवाद हो गया और ईंट मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। इससे पुलिस हरकत में आ गई और एक पक्ष के घर में तोड़फोड़ कर घर की महिलाओं, युवतियों से मारपीट की। रात को ही पुलिस एक आरोपी को पकड़कर थाने ले आई और वाहन को छुपा दिया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। जबकि थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह के मुताबिक, पुलिसकर्मियों से कोई विवाद नहीं हुआ और न ही कोई हाथापाई हुई है। गाड़ी में शीशा तोड़ने की बात भी गलत है। हालांकि, पुलिस इस बात को छुपाने में कामयाब हो गई है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है।


टूटा शौचालय का दरवाजा दिखाती महिला।


घटना की जानकारी देता पीड़ित परिवार। ● अमृत विचार


पलटा पड़ा टूटा इंजन। ● अमृत विचार

### जान से मारने की इरादे से घर में घुसे आरोपी, दो महिला सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**खुटार :** गांव सिल्हुआ निवासी संजय की पत्नी पंछी देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 12 फरवरी की रात को वह घर में लेटी थी। तभी गांव के सत्यपाल यादव, मेंबर यादव, विष्णु देव यादव, मंजू यादव पत्नी मेंबर, सरिता देवी पत्नी सत्यपाल यादव, शालू पुत्री सत्यपाल यादव जान से मारने के इरादे से घर में घुस आए और पिटाई की। जबकि वह गर्भवती है और विकलांग के चलते कमजोर है। उक्त लोगों ने उसे पिटाई कर घर से बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुक्रवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### यह है मामला, जमीन बनी विवाद की जड़

**खुटार :** चर्चा है कि गांव के संजय और उसकी मां ने सत्यपाल यादव के हाथ अपनी जमीन को बिक्री कर दिया था। बाद में संजय अपनी बुआ के घर चला गया। लेकिन परिवार के अन्य सदस्य जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते रहे। यह भी बताया जा रहा है कि एक महिला ने अपने पति को छोड़कर परिवार के एक सदस्य के साथ रहने लगी। लेकिन अब अपने हिस्से की जमीन मांग रही है। जो सत्यपाल यादव के कब्जे में है। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। खास बात है कि पुलिस ने महिला जिस सदस्य के साथ रह रही थी। उसका नाम उजागर नहीं किया। जबकि पुलिस ने जमीनी मामले को न दिखाकर घर में घुसकर जान से मारने की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

> जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई थी। जिसके बाद आरोपी द्वारा कई बार डायल 112 बुलाई गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। जांच चल रही है। **–श्यामवीर सिंह**, थानाध्यक्ष खुटार

### पुलिस पर किशोरी के कपड़े फाड़ने का आरोप

**खुटार :** किशोरी ने बताया कि विवाद के बाद पुलिस गांव पहुंची और विपक्ष पर कुछ भी नहीं कहा। पुलिस उसके घर के एक सदस्य को पकड़ कर ले जाने लगी। तो मना किया। बाद में पुलिस ने अभद्र भाषा का प्रयोग कर उसके साथ हाथापाई की और कपड़े फाड़ दिए। उस समय महिला पुलिस मौजूद नहीं थी। पुलिस की इस करतूत ने महिला की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। किशोरी ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# खुटार पुलिस पर घर में घुसकर तोड़फोड़, मारपीट का आरोप

संवाददाता, खुटार

● गुरुवार रात जमीन पर कब्जा को लेकर हुआ था विवाद, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** जमीन के विवाद को लेकर गांव सिल्हुआ में दो पक्षों में मारपीट हो गई। लेकिन पुलिस ने एक पक्ष पर कार्रवाई कर दी। महिला ने पुलिस पर भी घर में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने महिला के पति को जेल भेज दिया है। पुलिस ने लगाये गए आरोपों को निराधार बताया है।

गांव सिल्हुआ निवासी सत्यपाल यादव उर्फ लल्ला की पत्नी सरिता देवी ने बताया कि गांव के ही रहने वाले संजय उर्फ जासूस और उसकी मां से कुछ माह पूर्व घर के पड़ोस में ही जमीन खरीदी थी। जिसका बैनामा भी है। अब संजय अपनी मां के साथ खुटार के गांव रसवां कलां निवासी बुआ के घर रह रहे हैं। लेकिन संजय के परिवार के जंडेल सिंह जमीन पर जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप है कि गुरुवार रात करीब 9:30 बजे पड़ोस के जंडेल सिंह घर के पास आए और जमीन पर कब्जा लेने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। उनके पति सत्यपाल यादव ने विरोध किया। तो उक्त व्यक्ति ने अपनी पत्नी सहित कई लोगों को बुला लिया और मारपीट की। बीच बचाव करने वह और उसकी बेटी पहुंची तो उसे भी पीट दिया। पिटाई से शरीर में गुम चोटें आई हैं। इसके बाद पुलिस पहुंची और विपक्ष पर कुछ कहने की बजाए उसके पति को पकड़ लिया और गाली गलौज की। सरिता देवी का आरोप है कि पुलिस उसके पति सत्यपाल यादव को पकड़ कर ले जाने लगी तो विपक्ष के लोगों पर कार्रवाई करने की बात कही। इस बात पर पुलिस भड़क उठी और उसे व उसकी बेटी के साथ हाथापाई की। छुड़ाने आई घर की सदस्य मंजू को भी लाठी मार दी। बाद में पुलिस ने घर में लगा नल, शौचालय का गेट, खिड़की की जाली, प्लास्टिक की बाल्टी तोड़ कर और घर के बाहर रखा इंजन पलट दिया। पुलिस रात को ही पति को साथ लेकर थाने चली गई। शुक्रवार को पुलिस ने विपक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली और पति को जेल भेज दिया। जबकि उसकी तरफ से पुलिस ने कोई कार्रवाई तक करने की जरूरत नहीं समझी।

## मेडिकल कॉलेज में परिजनों का हंगामा

**सेहरामऊ दक्षिणी/शाहजहांपुरः** अकरम की मौत होने के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज में परिजनों ने हंगामा किया।

परिवार का आरोप है कि नर्स ने गलत दवा दे दी थी, जिससे मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने ट्रामा सेंटर में स्ट्रेचर के नाम पर सुविधा शुल्क लेने का भी आरोप लगाया। सपा नेता लखन प्रताप सिंह भी मेडिकल कॉलेज पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। हंगामे की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह फोर्स के साथ पहुंचे और परिजनों को आश्वासन देकर शांत कराया। अकरम अपने भाई विक्रम के साथ ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते थे और चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनकी पत्नी आरती और पुत्र राज व राघव का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डीसीएम की टक्कर से घायल युवक की मौत

संवाददाता, सेहरामऊ दक्षिणी-बंडा

**अमृत विचारः** बादशाहनगर चौराहे पर बुधवार सुबह करीब पौने नौ बजे डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी एम्बुलेंस से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार सुबह उसकी मौत हो गई।


मृतक अकरम।

वेहटी निवासी 35 वर्षीय अकरम बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था। लखनऊ- पलिया नेशनल हाईवे पर स्थित बादशाहनगर चौराहे के ओवरब्रिज के नीचे से निकलकर जैसे ही वह हाईवे पर पहुंचा, पीछे से आए डीसीएम चालक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही अकरम सड़क पर गिर पड़ा। चौराहे पर यात्री वाहन का इंतजार कर रहे लोग जब दौड़कर मौके की ओर बढ़े तो चालक वाहन लेकर शहर की ओर भाग निकला। गंभीर हालत में अकरम को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मेडिकल कॉलेज से मेमो मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। अकरम चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से पत्नी आरती और पुत्र राज तथा राघव का रो-रोकर बुरा हाल है।

# शिक्षिका ने दुपट्टे से फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● शादी तय हो गयी थी, होने वाले पति से की थी फोन पर बात

**अमृत विचारः** शहर के चिनौर गांव में एक शिक्षिका ने कमरे में कुंडे से दुपट्टे का फंदा गले में डालकर आत्महत्या कर ली है। परिवार वालों ने उसका शव सुबह कमरे में लटका हुआ देखा। वह पुवायां में एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती थी। उसकी शादी तय हो गई थी और होने वाले पति से फोन पर बराबर बातचीत हुआ करती थी। शिक्षिका की उनसे फोन पर बात हुई थी।


मृतका संभवी शुक्ला

सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी 25 वर्षीय संभवी शुक्ला ने गुरुवार की शाम खाना बनाया और परिवार वालों को खाना खिलाने के बाद रात में कमरे में सोने के लिए चली गयी। शुक्रवार की सुबह छह बजे परिवार वाले उठे तो देखा कि संभवी शुक्ला का शव कमरे में कुंडे से दुपट्टे से लटका हुआ था। इस दौरान परिवार में रोना पीटना मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गयी। उमेश शुक्ला ने सदर बाजार थाना को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को नीचे उतार लिया। उन्होंने परिवार वालों से जानकारी की।

परिवार वालों ने बताया कि संभवी शुक्ला पुवायां क्षेत्र में एक प्राइवेट स्कूल में टीचर थी। उसकी बड़ी बहन की शादी हो गयी है। परिवार वालों ने बताया कि उसकी शहर में शादी तय हो गयी थी, लेकिन अभी शादी की तिथि तय नहीं हुई थी। वह होने वाले पति से फोन पर रोजाना बात करती थी। उसने रात में भी में फोन पर बात की थी। पुलिस ने मृतका का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। परिवार वालों का कहना है कि उसने फांसी क्यों लगायी है, इस बारे में कुछ जानकारी नहीं है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवती ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## लापरवाही पर छह अधिकारियों को नोटिस

**तिलहर, अमृत विचारः** एसआईआर नोटिस की जनसुनवाई की प्रगति कम पाए जाने पर एसडीएम सदानंद सरोज ने औचक निरीक्षण कर छह अधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी कर डीएम को रिपोर्ट भेजी है। शुक्रवार को निस्तारण कार्य की जांच के लिए पहुंचे एसडीएम ने पाया कि विपणन निरीक्षक आरती पटेल ने 4826 नोटिस के सापेक्ष 159, बीडीओ निगोही रमेश पंकज ने 4210 के सापेक्ष 286, अवर अभियंता तिलहर व जैतीपुर प्रदीप सिंह ने 3301 के सापेक्ष 311, आबकारी निरीक्षक अंकिता सिंह ने 3505 के सापेक्ष 330, अवर अभियंता समर शुक्ला ने 3779 के सापेक्ष 356 और बीडीओ तिलहर बृजेश कुमार ने 2486 के सापेक्ष 359 नोटिसों की जनसुनवाई की है। सभी से तीन दिन में स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

## खेत की मेड़ विवाद में युवक घायल, रिपोर्ट

**मिर्जापुर, अमृत विचारः** ग्राम दोषपुर नागर में खेत की मेड़ के किनारे लकड़ी के डंडे गाड़ने को लेकर विवाद के बाद मारपीट हो गई, जिसमें युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पीड़ित हरि सिंह ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी जगह पर गांव के ही देशराज, धर्मेंद्र, आशुतोष और मायावती लकड़ी के डंडे गाड़ रहे थे। जब उन्होंने कहा कि यह जमीन उनकी है और यहां डंडे क्यों गाड़े जा रहे हैं, तभी सभी लोग मारपीट पर आमादा हो गए। आरोप है कि लाठी-डंडों से हमला किया गया, जिससे गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पत्नी के साथ भी मारपीट की गई।

# फंदे से लटका मिला युवक का शव, घर में मचा कोहराम

संवाददाता, खुटार

● खुटार क्षेत्र के गांव में आत्महत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस, जांच की जा रही

**अमृत विचारः** क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों के अनुसार युवक ने घरेलू कलह के चलते फांसी के फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

शुक्रवार को किसी बात को लेकर युवक की अपने घर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। युवक घर में किसी को बगैर कुछ बताए चला गया। ग्रामीणों ने करीब दोपहर एक बजे युवक का शव उसके घर के पीछे बाग में पेड़ पर रस्सी से लटका देखा। शव लटका देखकर ग्रामीणों ने इसकी खबर युवक के परिजनों को दी। खबर मिलते ही घर में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। थानाध्यक्ष श्यामवीर सिंह ने बताया कि युवक के परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया है। जांच की जा रही है कि युवक ने फांसी क्यों लगाई थी। उसके बाद ही आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## सीएचसी पर आशाओं का धरना जारी

**पुवायां, अमृत विचारः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पुवायां में बकाया भुगतान को लेकर आशा बहुओं का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। मंगलवार से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को और उग्र रूप लेता नजर आया। सुबह से ही दर्जनों आशा बहुएं अस्पताल परिसर में दरी बिछाकर बैठ गईं और स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरनारत आशा बहुओं का कहना है कि विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं जैसे टीकाकरण, प्रसव प्रोत्साहन, सर्वेक्षण व अन्य सरकारी कार्यक्रमों के अंतर्गत उनसे निरंतर कार्य लिया जा रहा है, लेकिन कई महीनों से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान लंबित है। भुगतान न मिलने से उन्हें परिवार के भरण-पोषण में गंभीर आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# सीएचसी-पीएचसी से मांगा आशाओं के भुगतान का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

● एमडीए कार्यक्रम में 2020-21 से अब तक के भुगतान का सीएमओ ने तलब किया रिकार्ड

**अमृत विचारः** सीएमओ डॉ. विवेक मिश्र ने सीएचसी और पीएचसी प्रभारियों से आशाओं को किए गए भुगतान का ब्योरा मांगा है। सभी चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी करते हुए बकाया भुगतान के विषय में पूछा है। इसके साथ ही समय से भुगतान न होने को लेकर स्पष्टीकरण तलब किया है।

सीएमओ की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि पांच नवंबर 2025 के पत्र से प्रत्येक ब्लॉक पर आशा शिकायत निवारण प्रकोष्ठ क्रियाशील किए जाने तथा निर्धारित संरचना के अनुसार गठित पांच सदस्यीय समिति को प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अतिरिक्त 11 फरवरी को जारी पत्र में सभी आशाओं के लंबित भुगतान किए जाने को कहा गया था। इसके अलावा 2020-21 से अब तक एमडीए कार्यक्रम के अंतर्गत आशा तथा आशा संगिनियों को अनुमन्य भुगतान और वास्तविक भुगतान का पूरा विवरण तलब किया गया है। सीएमओ ने कहा कि अगर किसी प्रकार का भुगतान लंबित है तो उसका तथ्यपरक कारण भी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही संबंधित बीसीपीएम, बीएएम अथवा अन्य अधिकारी-कर्मचारी से स्पष्टीकरण सहित सूचना इस कार्यालय को भेजना सुनिश्चित करने को कहा गया है। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि अगर निर्धारित समय तक सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई तो संबंधित अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। इसकी सूचना सभी उप एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला प्रशासनिक अधिकारी, डीएचईआईओ, डीपीएम, डीसीपीएम, डीएएम, डीपीएमयू एनएचएम, बीपीएम, बीसीपीएम, बीएएम तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है।

### जैतीपुर में आशाओं ने किया प्रदर्शन

जैतीपुर। क्षेत्र की आशा कार्यकत्रियों ने शुक्रवार दोपहर फिर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन किया। उन्होंने बकाया मानदेय सहित अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की। इससे पहले आशा कार्यकत्रियों ने तीन दिन पूर्व दो घंटे तक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर जमकर नारेबाजी की थी। बाद में पैदल ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। प्रदर्शन में पूनम सिंह, सुनीता देवी, कमलेश रानी देवी, लक्ष्मी देवी, विनीता, रिंकी देवी, चेतना देवी, मिथिलेश, राजकुमारी और रानी मिश्रा सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकत्रियां मौजूद थीं।

# क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट के नाम से 3.52 लाख की ठगी

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचारः** एक अज्ञात व्यक्ति ने अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताकर फोन करके कहा कि बैंक का क्रेडिट कार्ड एक्टिवेट होना जरुरी है। अज्ञात व्यक्ति ने कार्ड एक्टिवेट के नाम से दो बार ट्रांजेक्शन करके खाते से तीन लाख 52 हजार रुपये की ठगी कर ली है। पुलिस ने अज्ञात में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला बीबीजई हद्दफ निवासी अभिषेक कौशल ने थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि वह साइबर अपराध से पीड़ित है। उसके साथ एक संगठित फिशिंग एवं प्रतिरुपण आधारित वित्तीय धोखाधड़ी की घटना घटित हुई है। 03 जनवरी को उसके पास एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया। काल करने वाले व्यक्ति कहा कि एक्सेस बैंक का कर्मचारी बोल रहा हूं। फोन करने वाले व्यक्ति कहा कि क्रेडिट कार्ड को एक्टिव करना अनिवार्य है। अज्ञात व्यक्ति ने उसके पास एक लिंक भेजा, जो बाद में फिशिंक बेबसाइड सिद्ध हुई है, जिससे एक्सेस बैंक की अधिकारिक वेबसाइट जैसा दिखाया गया। अज्ञात व्यक्ति के कहने पर लिंक खोलने के बाद उसके एक्सेस बैंक के क्रेडिट कार्ड पर अनाधिकृत रुप से लेनदेन कर लिया गया। उसके कार्ड से दो ट्राजेक्शन की कुल धनराशि तीन लाख 52 हजार 667 रुपये डेबिट हुई है। पीड़ित ने एक्सेस बैंक के मैनेजर को सूचना दी। साथ ही साइबर थाना को भी सूचना दी गयी।

प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# हत्या का आरोपः नगरिया मोड़ पर हाईवे किया जाम

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर/तिलहर

● तिलहर के सोनपाल का है तीन दिन पहले मिला शव

**अमृत विचारः** तीन दिन पूर्व गर्रा नदी के किनारे झाड़ियों में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की शिनाख्त तिलहर क्षेत्र के सोनपाल के रुप में हुई है। परिवार वालों ने हत्या का आरोप लगाया है और पोस्टमार्टम हाउस पर वबाल किया। इस दौरान परिवार वालों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगरिया मोड़ पर शव रखकर जाम लगा दिया। सीओ तिलहर यादव पहुंची ओर परिवार वालों को समझाकर जाम खुलवाया।

तिलहर पुलिस को बुधवार की शाम पिंगरा गांव के सामने गर्रा नदी के किनारे झाड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था। उसके गले में निशान थे और कोई चीज मौके पर नहीं मिली थी। पुलिस ने अज्ञात में शव पंचनामा भरके गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। इधर तिलहर थाना क्षेत्र के गांव राईखुर्द निवासी बलवरी के पिता सोनपाल कई दिन से लापता थे। वह अपने पिता की मुमशुदगी दर्ज कराने तिलहर थाना पर गया। पुलिस ने मोबाइल पर फोटो पर दिखाया तो उसने कहा कि उसके पिता 60 वर्षीय सोनपाल का फोटो है। वह परिवार के साथ दोपहर दो बजे पोस्टमार्टम हाउस पर पहुंचा और शव की शिनाख्त पिता सोनपाल के रुप में की। आरोप है कि पुलिस ने अज्ञात शव के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं दी, वह बराबर थाना के चक्कर लगाता रहा। उसके पिता सोनपाल 13 जनवरी को घर से दवा देने के लिए निकले थे और वापस नहीं लौटे थे। आरोप था कि उसके पिता की हत्या की गयी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजवार वालों को सौप दिया। परिवार वाले शव लेकर पोस्टमार्टम हाउस से गांव राईखुर्द जा रहे थे। परिवार ने हाईवे पर नगरिया गांव के सामने शव समेत वाहन रोककर जाम लगा दिया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। सीओ सिटी ज्योति यादव जाम स्थल पर पहुंची और परिवार वालों को कार्यवाही का आश्वासन देकर शांत कराया। परिवार वाले उसका शव लेकर गांव में पहुंच गए। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। इस दौरान गांव में पुलिस फोर्स तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हैगिंग से सोनपाल की हुई मौत

तिलहर पुलिस ने सोनपाल के शव का पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हैगिंग से मौत हुई है। उसके गले में निशान थे। पुलिस को मौके पर कोई रस्सी आदि नहीं मिली थी। जबकि उसका शव जमीन पर पड़ा हुआ था। उसकी शर्ट ऊपर थी। उसकी मौत को लेकर सवाल उठ रहा है कि हैगिंग से मौत हुई तो मौके पर रस्सी मिलनी चाहिए थी।

### 23 जनवरी को दी थी गुमशुदगी की तहरीर

बलवीर ने बताया कि उसने अपने पिता सोनपाल की तहरीर 23 जनवरी 26 को थाना पर दी थी। उसने बताया कि उसके पिता 13 जनवरी की शाम साढ़े चार बजे दवा लेने के लिए साइकिल से निकले थे। लेकिन आज तक वह वापस नहीं आए थे। उन्होंने रिश्तेदारी में तलाश किया और नहीं मिले थे। उनकी साइकिल नहीं मिली है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी।

### हाईकोर्ट से आजीवन कारावास की सजा हुई थी

तिलहर प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर ने बताया कि वर्ष 1984 में गांव लाईखेड़ा में एक व्यक्ति की हत्या हो गयी थी। मृतक सोनपाल और रामचंद्र निवासी दियूरा थाना तिलहर के खिलाफ हत्या और डकैती का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना में डकैती की धारा हट गयी थी। उसके बाद केस हाई कोर्ट में चला गया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि 13 जनवरी 26 को दोनों आरोपी को हाई कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा सुनायी गयी थी। मृतक सोनपाल उसी दिन से लापता हो गया था। उन्होंने बताया कि विवेचना प्रचलित है।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

पत्रांक : 6128/का.ब.वि.प्रा./2024-25 दिनांक : 13.2.26

**विज्ञप्ति का प्रारूप**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूहेलखण्ड एजुकेशनल चैरिटेबिल ट्रस्ट, बरेली द्वारा चेयरमैन डा. केशव कुमार पुत्र स्व. श्री किशन कुमार निवासी ए-6, रामपुर बाग, बरेली द्वारा ग्राम नवदिया जोगियान के खसरा नम्बर-228, 229, 230 एवं 237 क्षेत्रफल-3749.53 वर्गमी. पर छात्रावास भवन निर्माण की अनुज्ञा हेतु ऑनलाइन मानचित्र संख्या-बी.डी.ए./बी.पी./25-26/0229 प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना-2031 के अनुसार स्थल पर भू-उपयोग आवासीय है व स्थल के सम्मुख 12 मीटर चौड़ा मार्ग दर्शित है। उत्तर प्रदेश के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर-15.3.2 के उप प्रस्तर-5.12(ब) के अन्तर्गत छात्रावास क्रिया आवासीय भू-उपयोग में न्यूनतम 12 मीटर चौड़ा मार्ग होने पर अनुमन्य है। आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या (iv) में उल्लेख है कि ''महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।'' उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण मानचित्र लिपिक को प्राप्त करा सकते है। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर

डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक

अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754


# पुतला फूंक रहे किसानों से पुलिस की झड़प

## किसान नेताओं के हाथ से अधिकारियों का पुतला छीनने पर हंगामा, प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** विभिन्न मांगों को लेकर चल रहे धरना-प्रदर्शन के 12वें दिन भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी गुट) के कार्यकर्ताओं ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सीओ, एसडीएम और तहसीलदार का पुतला दहन करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने पुतला छीन लिया। इस दौरान किसान और पुलिस के बीच काफी झड़प हुई। आखिर में किसानों को पुतला फूंकने से रोक दिया गया।

डाक बंगला रोड पर बड़ी संख्या में जुटे कार्यकर्ताओं ने प्रशासनिक अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन तेज कर दिया। इसी दौरान पुतला जलाने की तैयारी की गई। मौके पर मौजूद कोतवाल रवि करन सिंह ने पुलिस बल के साथ हस्तक्षेप करते हुए छीना-झपटी के बीच पुतला छीन लिया और उसे जलाने नहीं दिया। कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई, हालांकि पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया। प्रदर्शन के बीच नायब तहसीलदार रिजवान खान मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता की। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए दो दिन का समय मांगा तथा रविवार तक उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद प्रदर्शनकारियों ने फिलहाल पुतला दहन का कार्यक्रम स्थगित कर दिया। जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव ने कहा कि प्रशासन ने दो दिन का समय मांगा है। यदि निर्धारित समय में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि किसान हितों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान भूपेंद्र सिंह गिल तराई प्रदेश अध्यक्ष, करमजीत सिंह, महेश चंद्र वर्मा, अहिवरन सिंह, संजय मिश्र, प्रयाग दत्त, संतोष कुमार, सुखपाल सिंह, सुखवीर सिंह, छत्रपाल, नरवेश, महेश सक्सेना, मोतीलाल, देवेंद्र, लक्ष्मी देवी, उर्मिला, बच्चो देवी, ममता देवी, धनदेवी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


किसानों से पुतला छीनते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

### तहसील सदर में अधिवक्ताओं का प्रदर्शन, तहसीलदार को घेरा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** तहसील सदर में लंबित मामलों की सुनवाई न होने से नाराज अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को जोरदार हंगामा किया। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार सतेंद्र कटियार पर मनमानी और पक्षपातपूर्ण कार्यशैली अपनाने का आरोप लगाया। विरोध में वकीलों ने कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन किया और तहसीलदार को उनके ही कार्यालय में घेर लिया। दोपहर करीब 12 बजे कई अधिवक्ता अपने मामलों को लेकर तहसीलदार कार्यालय पहुंचे। आरोप है कि आवश्यक कार्य करने के आग्रह पर तहसीलदार ने कथित तौर पर मना कर दिया, जिससे विवाद बढ़ गया। इसके बाद अधिवक्ताओं ने तहसीलदार को कार्यालय में ही रोक लिया। लगभग एक घंटे तक तहसीलदार और अधिवक्ता कमरे के अंदर रहे। सूचना मिलने पर एसडीएम सदर और चौक कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और अधिवक्ताओं को समझाने का प्रयास किया। बाद में एसडीएम सदर ने हस्तक्षेप करते हुए तहसीलदार को उनके कार्यालय से निकालकर अपने कार्यालय में भेजा। सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार भी मौके पर पहुंचे, लेकिन अधिवक्ताओं के साथ उनकी बातचीत सफल नहीं रही। अधिवक्ताओं का आरोप है कि दाखिल-खारिज के नामांतरण आदेशों को जानबूझकर लंबित रखा जा रहा है और पीड़ितों के कार्यों में अनावश्यक देरी की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। वकीलों ने मुख्यमंत्री से तहसीलदार को हटाने की मांग की है।

## शराब के रुपये न देने पर बेटे ने पिता को पीटा, घायल

**पुवायां, अमृत विचार:** शराब के लिए रुपये न देने पर बेटे द्वारा पिता की लाठी-डंडों से पिटाई करने का मामला प्रकाश में आया है। घायल पिता को पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार रामकुमार पुत्र होरीलाल, मूल निवासी कमलापुर और वर्तमान में महुआ पाठक में रह रहे हैं।

शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे उनका पुत्र रजनीश कुमार शराब पीने के लिए रुपये मांग रहा था। आरोप है कि रुपये देने से इनकार करने पर रजनीश ने गुस्से में आकर पिता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में रामकुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुवायां भिजवाया। चिकित्सकों के अनुसार घायल का इलाज जारी है।

## ऐमन जई जलाल नगर दो माह में टूट गई नाली


ऐमन जई जलाल नगर में क्षतिग्रस्त नाली। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** महानगर के मोहल्ला ऐमन जई जलाल नगर में भुल्लन खां की चौपाल के पास दो माह पहले बनाई गली नाली टूट गई। जिससे यहां से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों, खासकर बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। क्षेत्र के लोगों ने टूटी नाली पुनः बनाए जाने की मांग की है।

महानगर में कई नालियां जर्जर हैं। कई बार शिकायत के बाद भी इनकी मरम्मत आदि नहीं कराई जाती है। ऐमन जई जलाल नगर में भुल्लन खां की चौपाल में इरशाद अहमद खां सागर वारसी के मकान के पास एक नाली काफी समय से टूटी थी। इसकी क्षेत्र वासियों ने नगर निगम के अधिकारियों के कई बार शिकायत की। मगर नाली की मरम्मत नहीं कराई गई। तब एक व्यक्ति ने आईजीआरएस पर टूटी नाली के फोटो भेजकर शिकायत कर दी। इसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने ठेकेदार से आनन फानन में नाली की मरम्मत कराकर शिकायत का निस्तारण कर दिया।

नाली के ऊपर लोहे का चैनल नहीं लगाया गया। जिससे वाहनों के गुजरने से नाली दो माह में ही क्षतिग्रस्त हो गई। नाली टूटने से यहां से गुजरने वाले राहगीरों और बच्चों के अलावा ई-रिक्शा और ठेले वालों को सबसे ज्यादा परेशानी उठाना पड़ रही है। क्षेत्र के परवेज अहमद, आतिफ खां, नईम अहमद, ताहिर हुसैन, चांद बाबू, शब्बन, सादिक, सईद खां, चमन खां, नवेद अली, सरफराज खां आदि ने नगर निगम अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर चैनल लगाकर टूटी नाली की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा-कारतूस बरामद

**पुवायां, अमृत विचार:** थाना पुलिस ने तमंचे से जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार ग्राम खिरिया पाठक में पुरानी रंजिश को लेकर हुए विवाद के दौरान फायरिंग कर एक युवक को घायल कर दिया गया था। मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश की जा रही थी।

शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बगडेर तिराहे के पास से अजमेरुल हसन को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्त का दोपहर करीब तीन बजे मेडिकल परीक्षण कराकर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## खुटार में स्मैक के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचारः** मादक पदार्थ की बिक्री को लेकर खुटार पुलिस लगातार अभियान चलाकर मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ लगातार कठोर कार्यवाही कर रही है। बीती रात लगभग 11:00 बजे थाने के दरोगा अंकुर कुमार व टिंकू कुमार अपने हमराहियों के साथ खुटार मैलानी हाईवे पर गश्त कर रहे थे। तभी उसी समय मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि स्मैक तस्कर खुटार मैलानी हाईवे से चांदपुर को जाने वाली रोड पर स्मैक के साथ तीन लोग खड़े हैं। जिस पर पुलिस तस्करों को पकड़ने के लिए घेराबंदी की और तीनों तस्करों को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। जहां पर जामा तलाशी में तीनों तस्करों के पास एक 106 .54 ग्राम स्मैक व दो मोबाइल बरामद हुए। पूछताछ में तीनों स्मैक तस्करों ने पुलिस को अपना नाम पता बताया। जिसमें परमजीत सिंह पुत्र सिंघारा सिंह निवासी ग्राम मजरा पूरव, थाना पढ़ुआ, जिला लखीमपुर खीरी व दूसरे आरोपी बलजीत सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी मजरा पूरव, थाना पढ़ुआ, जनपद खीरी व तीसरे स्मैक तस्कर ने अपना नाम पता सुखदेव सिंह पुत्र कुलवंत सिंह निवासी नानकमत्ता, जिला उधम सिंह नगर, प्रांत उत्तराखंड बताया। पुलिस ने तीनों तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर शुक्रवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से छह साल की बच्ची घायल

**पुवायां, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मोहम्मदी फ्लाईओवर के समीप शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने मां के साथ पैदल जा रही छह वर्षीय बच्ची को टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार भरतापुर निवासी सुरेंद्र की पुत्री अनोखी (6) अपनी मां सोनी के साथ पैदल घर लौट रही थी। इसी दौरान करीब 12 बजे मोहम्मदी फ्लाईओवर के पास तेज गति से आ रही कार ने बच्ची को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बच्ची सड़क पर गिर पड़ी और आसपास मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई।

उधर से गुजर रहे राहगीर शिवम मिश्रा ने मानवता का परिचय देते हुए तत्काल अपनी कार से घायल बच्ची को पुवायां के सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची की हालत स्थिर बनी हुई है।

## नायब तहसीलदार के किराए के मकान में चोरी, सुराग नहीं

**तिलहर, अमृत विचारः** नगर से सटी गुरगवां कॉलोनी में किराए पर रह रहे नायब तहसीलदार के मकान में हुई चोरी के दूसरे दिन भी पुलिस जांच में जुटी रही। गुरुवार सुबह कर्मचारी ने मुख्य गेट का ताला टूटा देखा तो ड्राइवर ने विभागीय कार्य से प्रयागराज गए नायब तहसीलदार अमित कुमार को सूचना दी। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने घटनास्थल का मुआयना किया। शुक्रवार को लौटे अमित कुमार की सूचना पर एसआई गौरव शर्मा टीम के साथ पहुंचे।
मकान मालिक सुरेश गंगवार और अमित कुमार ने कीमती सामान चोरी से इनकार किया, हालांकि नगदी चोरी होने की बात कही गई। चार ताले तोड़े गए, तीन ताले गायब हैं और एक बरामदे में लोहे के बक्से के पास मिला। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### दावत से लौटते समय महिला को हार्ट अटैक, मौत

**परौर, अमृत विचार :** क्षेत्र में हार्ट अटैक से हो रही लगातार मौतों के बीच गुरुवार को खजुरी गांव में एक और दर्दनाक घटना सामने आई। तिलकोउत्सव की दावत खाकर घर लौट रही महिला की रास्ते में ही तबीयत बिगड़ गई और अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। खजुरी निवासी पूनम (45) गुरुवार देर रात परिवार के साथ तिलक की दावत खाकर घर लौट रही थीं। घर के समीप पहुंचते ही अचानक उन्हें चक्कर आ गए। इससे पहले कि वह कुछ समझ पातीं, वह जमीन पर गिर पड़ीं। रास्ते में गिरी देख परिजनों ने उन्हें उठाया और घर ले गए। आनन-फानन में निजी अस्पताल उसावा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## सड़क हादसे में जान गंवाने वाली महिला के घर पहुंच दी सांत्वना


प्रथ्वीपुर ढाई गांव में शोक संतप्त परिजनों से मिलते डॉ. केपी गुप्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के प्रथ्वीपुर ढाई गांव में बुधवार को सड़क दुर्घटना में 60 वर्षीय द्रोपदी पत्नी प्रहलाद की मौत हो गई। द्रोपदी सड़क पार कर रही थीं, तभी तेज रफ्तार बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी वरिष्ठ सर्जन डॉ. केपी गुप्ता मृतका के घर पहुंचे और परिजनों से मिलकर दुख साझा किया। उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। डॉ. गुप्ता ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की।

## एडीएम ने शौचालयों की गंदगी पर जताई नाराजगी

- बंडा में औचक निरीक्षण किया, एसआईआर फार्मों को लेकर मतदाताओं ने की शिकायत

संवाददाता, बंडा

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को एडीएम वित्त अरविंद कुमार ने नगर पंचायत बंडा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय, शौचालयों और विभिन्न रजिस्टरों के रखरखाव की जांच की।

कार्यालय परिसर में बने शौचालय में गंदगी मिलने पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। एसआईआर फार्मों में मतदाताओं को हो रही परेशानियों को लेकर कई लोगों ने मौके पर ही शिकायत की। इस पर एडीएम ने संबंधित कर्मचारी को फोन कर फटकार लगाई और नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। थाने के पास बने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण करते समय कर्मचारियों ने बताया कि यह पांच वर्ष पूर्व बना था और ठेकेदार के निधन के बाद इसकी स्थिति बिगड़ गई। एडीएम ने अधिशासी अधिकारी को फटकार लगाते हुए नियमित सफाई कर्मचारी की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में एडीएम ने गांव धर्मापुर में निर्माणाधीन अंत्येष्टि स्थल तथा बालाजी नगर बंडा में बन रही लाइब्रेरी और पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता पूर्ण और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा कराने को कहा। ब्लॉक कार्यालय में रजिस्टरों का रखरखाव संतोषजनक न मिलने पर व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। एडीओ समाज कल्याण के अनुपस्थित मिलने पर नोटिस जारी करने को कहा। इसके बाद ग्राम पंचायत लालपुर आजादपुर के गांव नरायनपुर में आवास, विद्यालय और तालाब का निरीक्षण किया। नरायनपुर में बने पंडित रामप्रसाद बिस्मिल पार्क को देखकर प्रतिनिधि फतेहचंद वर्मा की प्रशंसा की। निरीक्षण के बाद नगर पंचायत और ब्लॉक कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।


नगर पंचायत बंडा में निरीक्षण करते एडीएम वित्त अरविंद कुमार। ● अमृत विचार


अमृत विचार
Lifelines OF BAREILLY
MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :- बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नम्बर
लेजर द्वारा आंख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध
बी स्कैन द्वारा पर्दे की जांच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
8077344353
समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली


स्वास्थ्य जागरूकता अभियान
नि : शुल्क परामर्श
महीने के प्रत्येक रविवार को
समय : सुबह 10 से 5 बजे तक
कैम्प में समस्त ब्लड जाँचें, ई.सी.जी., एक्स-रे 50% के छूट पर किये जायेंगे।
रजिस्ट्रेशन शुल्क 20/-
प्रेमलोक हॉस्पिटल
नरियावल अड्डा, शाहजहाँपुर रोड, बरेली।
डॉ. दीपक माहेश्वरी
MBBS., MD, Consultant Physucuan & Critical Care Specialist
ब्लड प्रेशर, हृदय रोग श्वांस रोग, गम्भीर रोग विशेषज्ञ
9084307201, 9412244430
डॉ. नितिन अग्रवाल हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777

रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाए जा रहे मंदिर, हर्षोल्लास के साथ मनेगा शिवशंकर-पार्वती का उत्सव, पुलिस-प्रशासन ने किए सुरक्षा इंतजाम

# महाशिवरात्रि के लिए सज रहे शिवालय, बिरुआबाड़ी मंदिर का है पौराणिक महत्व

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बरेली मथुरा हाईवे पर बोल बम और हर हर महादेव के जयकारे गूंज रहे हैं। भक्त अपने आराध्य का जलाभिषेक करने के लिए कांधे पर गंगाजल लेकर कई किलोमीटर की यात्रा तय रहे हैं। समय पर अपने गंतव्य पर पहुंच जाए, इसलिए उनके कदम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर महाशिवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास से मनाए जाने की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। शिवालयों को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जा रहा है। प्रशासन और मंदिर समितियों की ओर से श्रद्धालुओं की सुगमता के लिए बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। भगवान शिव का जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लगने वाली लंबी कतारों को व्यवस्थित करने के लिए बैरिकेडिंग का काम पूरा हो चुका है।



उसावां रोड स्थित गौरी शंकर मंदिर ● अमृत विचार



बिरुआबाड़ी मंदिर ● अमृत विचार

### गौरीशंकर मंदिर में है देश का इकलौता रसलिंग

शहर के उसावां रोड पर मंडी समिति के नजदीक गौरी शंकर मंदिर की स्थापना साल 2001 में हुई थी। जिसकी स्थापना राम शरण रस्तोगी ने कराई थी। इस मंदिर में रसलिंग स्थापित है। ऐसा चमत्कारी रसलिंग की मूर्ति भारत के किसी राज्य में नहीं है। हरिद्वार में एक रसलिंग है भी तो उसकी गिनती दूसरे नंबर पर आती है। ऐसा ही एक रसलिंग काठमांडू (नेपाल) में है। मंदिर के आचार्य नारायण प्रसाद मुदगल ने बताया कि स्वर्ण (सोना) और पारे से निर्मित शिवलिंग ही रसलिंग महाशिवलिंग कहा जाता है। यहां पर काठमांडू के नेपाल स्थित पशुपतिनाथ मंदिर के आधार पर भगवान शिव की पूजा अर्चना की जाती है। आचार्य ने बताया कि रसलिंगेश्वर भगवान शिव के भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण करने वाला है। इसके दर्शन मात्र से ही लोगों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। रसलिंग के स्पर्श मात्र से असाध्य रोग हटके मनोवांछित फल प्राप्त होता है। महाशिवरात्रि पर महादेव का महारुद्राभिषेक पंचामृत द्वारा किया जाएगा।

कल रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी की जा रही है। शिवालयों पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी पुलिस फोर्स तैनात रहेगी। वहीं स्टैटिक मजिस्ट्रेट भी निगरानी रखेंगे। इसके अलावा मंदिर समितियों की ओर से मंदिर के बाहर बेरिकेटिंग की है। शहर के पौराणिक महत्व रखने वाले बिरुआबाड़ी मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के साथ उनकी पूजा अर्चना करने पहुंचेंगे। इसके अलावा गौरी शंकर मंदिर में भी सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। यह दोनों ही शिवालय शहर की पहचान हैं। जिसमें एक पौराणिक महत्व रखता है तो दूसरा देश में दूसरा महत्वपूर्ण भगवान शिव का मंदिर है।

### दो सौ साल पुराना है बिरुआबाड़ी मंदिर

शहर में स्थिति बिरुआबाड़ी मंदिर पौराणिक है। बताया जाता है यह मंदिर दो सौ साल से भी अधिक पुराना है। यह मंदिर आस्था के साथ अपनी सुंदरता और भव्यता के लिए भी जाना जाता है। स्थानीय बुजुर्गों की मानें तो जिस स्थान पर मंदिर स्थापित है वहां पर करीब 200 साल से पहले बिरुआ नाम का एक माली खेती करता था। बताते हैं कि एक बार जब उसने फसल को जोतने के लिए हल चलाया तो खेत में एक जगह जाकर हल अटक गया। ऐसा बार-बार हुआ तो बिरुआ ने वहां खुदाई की। खुदाई के दौरान वहां पर शिवलिंग निकला था। उसके बाद उसने शिवलिंग स्थापित कर मढ़िया बना दी और पूजा करनी शुरू कर दी। काफी समय तक उसने इस स्थान पर सेवा की। बुजुर्गों की मानें तो साल 1932 में उसने इस मढ़िया की जिम्मेदारी लाला हरसहायमल श्यामलाल सराफ को सौंप दी। इसके बाद 1984 में मंदिर को वृहद रूप देते हुए इसका जीर्णोद्धार शुरू कराया गया। तब से बिरुआ माली के नाम पर इसे बिरुआबाड़ी मंदिर कहा जाने लगा। यहां सावन माह के दौरान हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा करने के लिए जुटते हैं। महाशिवरात्रि पर्व पर भी स्थानीय लोगों के साथ बाहरी लोग भी भगवान की पूजा के लिए पहुंचेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा नेता से मारपीट, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** विकास क्षेत्र म्याऊं की ब्लॉक प्रमुख विनीता देवी के देवर भाजपा नेता केशी शाक्य गुरुवार रात एक शादी समारोह में गांव बुधवाई के पास मैरिज लॉन में गए थे। जहां गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि शालू, भूपेंद्र, योगेंद्र प्रताप, शंकर, उदय सिंह, विष्णु आदि ने मारपीट शुरू कर दी। उनका गला दबाने का प्रयास किया। शोर सुनकर लोग एकत्र हुए तो हमलावर भाग गए। भाजपा नेता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी तहरीर दी गई है।

### सड़क हादसे में अधिवक्ता घायल

**बिसौली, अमृत विचार :** बिसौली की कचहरी गांव महोरी सराय जाते समय सड़क हादसे में सिविल कोर्ट के अधिवक्ता घायल हो गए। गुरुवार शाम अधिवक्ता संजीव यादव बाइक से घर जा रहे थे। एमएफ राजमार्ग पर किसी वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। वह घायल हो गए। उन्होंने परिजनों को फोन करके सूचना दी। साथी अधिवक्ताओं को अवगत करया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता योगेश भारद्वाज, महासचिव रवींद्र शर्मा, अब्दुल हसन, मानवेंद्र और राजेश भारद्वाज मौके पर पहुंचे। घायल अधिवक्ता को चंदौसी के निजी अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने मुरादाबाद रेफर किया।

### किशोर को मारी गोली आरोपियों पर रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली बिसौली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर मई निवासी बीना देवी पत्नी मुन्ना लाल ने तहरीर देकर बताया कि उनका 17 साल का बेटा देवेंद्र गांव के अभिषेक शंखधार के गांव बसई में गेहूं की फसल की रखवाली करने गया था। गांव निवासी रामेश्वर, श्रीकृष्ण, सत्यवीर, विनोद, ज्ञानेश से पुरानी रंजिश चल रही है। उन्होंने झूठे मुकदमा में उनके पति को जेल भिजवा दिया था, वह लोग खेत पर पहुंच गए। जान से मारने की नीयत से फायर किया। देवेंद्र जान बचाने के लिए भागा लेकिन गोली उसके पेट और सीने में लगी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है।

# जिले में 3648.35 करोड़ के निवेश से होगा विकास

## 146 उद्योगों के निवेश प्रस्ताव मिले, युवाओं को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** उद्योग विभाग 5.0 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी में लगा हुआ है। अब तक 8439.84 करोड़ रुपए प्रस्ताव विभाग को प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 46 निवेशकों के द्वारा 3648.35 करोड़ की लागत से उद्योग स्थापित करने का काम शुरू कर दिया है। स्थापित होने वाले उद्योग से 9 हजार सात सौ बेरोजगार युवाओं में रोजगार मिलने की उम्मीद जगी है।

5.0 ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी उद्योग विभाग द्वारा की जा रही है। ब्रेकिंग सेरेमनी अगले सप्ताह होनी है। इन तैयारियों को विभाग के अधिकारी और कर्मचारी अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। जिले में लगने वाले उद्योगों को रफ्तार मिली है। अभी तक जिन





इकाइयों के प्रस्ताव उद्योग विभाग को प्राप्त हुए हैं। उनमें सबसे बड़ा कोल्ड स्टोर और फूड प्रोसेसिंग है। जिले में करीब 25 नए कोल्ड स्टोर स्थापित हुए हैं। आठ सोलर प्लांट लगाए गए हैं। वहीं छह इकाइयां फूड प्रोसेसिंग हैं। शेष सीबीसी और हाउसिंग सोसायटी हैं। नए स्थापित होने वाले करीब 15 कोल्ड स्टोर में काम शुरु हो चुका है। पांच में इस दस से 15 दिनों में शुरू हो जाएंगे। 102 निवेश अभी जमीन की उपलब्धता न होने के कारण निवेश नहीं कर पा रहे हैं।

### 1700 निवेश स्थापित करने का मिला है लक्ष्य

उद्योग विभाग को पांच साल में 17 सौ निवेश स्थापित करने का लक्ष्य मिला है। जिसमें से अब तक 146 के निवेश पत्र ही मिले हैं। इनमें से 46 स्थापित हो चुके हैं। 102 जमीन की उपलब्धता के वजह से अटके हुए हैं। हालांकि प्रशासन और उद्योग विभाग के स्तर पर इन्हें जल्द स्थापित करने की कवायद में जुटा हुआ है।

"मैने हाल में ज्वाइन किया है। पत्रावली देखने के बाद ही पता चलेगा कि कितने निवेशकों के द्वारा प्रस्ताव दिया है। फिलहाल कर्मचारियों को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी करने को कहा गया है।

**सचिन जैन**, उपायुक्त उद्योग।

इन निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने की विभाग के अधिकारी पुरजोर कोशिश में लगे हुए हैं।

# कारों की भिड़ंत में परिषदीय शिक्षक की मौत

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** बुधवार देर रात दो कार की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार एक शिक्षक की मौत हो गई जबकि तीन महिलाएं घायल हो गईं। परिजनों में चीत्कार मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

- **बरेली से लौटते समय गांव टिकलापुर के पास हुआ था हादसा**

नगर पंचायत गुलड़िया निवासी स्वतंत्र पटेल उर्फ विशाल पटेल (35) पुत्र छोटा विकास क्षेत्र जगत के प्राथमिक विद्यालय परसुरा में तैनात हैं। वह अपने परिवार के साथ बरेली से कार से वापस लौट रहे थे। थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव टिकलापुर के पास गंगा एक्सप्रेस वे के लिंक रोड पर सामने से आई कार से उनकी कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में स्वतंत्र पटेल की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उनके साथ कार में सवार तीन महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।



हादसे के बाद गंगा एक्सप्रेस वे किनारे पलटी कार और मौजूद लोग। ● अमृत विचार



हादसे में क्षतिग्रस्त डीसीएम।

### तीन वाहनों की भिड़ंत में ऑटो सवार युवक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग पर सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र में बस, डीसीएम और ऑटो की भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो सवार युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा राजमार्ग स्थित गांव मानपुर कुलचौरा के पास हुआ। बताया जा रहा है कि अलापुर की ओर से आ रही प्राइवेट बस के पीछे एक ऑटो चल रहा था। ऑटो चालक ने बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। तभी सामने से डीसीएम आ गई। जिससे तीनों वाहन आपस में टकरा गए। मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे बाद बस और डीसीएम चालक मौके से भाग गए। ऑटो चालक को हल्की चोटें आईं। तेज आवाज होने पर राहगीर और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ऑटो चालक और उसमें सवार गांव मझिया निवासी विमलेश पुत्र बाबूराम को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने विमलेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचित किया। पुलिस ने तीनों वाहनों को सड़क किनारे खड़ा कराया है। चालकों की तलाश की जा रही है।



क्षतिग्रस्त ऑटो।



क्षतिग्रस्त प्राइवेट बस।

# फर्जी एप से धोखाधड़ी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **क्यूआर कोड मोबाइल में रखकर दुकानदारों के साथ करते थे धोखाधड़ी**

**अमृत विचार :** मुजरिया पुलिस ने यूपीआई/क्यूआर कोर्ड से फर्जी ट्रांजेक्शन करके लोगों के साथ ठगी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके तीन और साथी फरार हैं। जिनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

थाना क्षेत्र के गांव अलीगंज निवासी सत्येंद्र पुत्र प्रेमपाल ने 12 फरवरी को धोखाधड़ी करके 220 रुपये के फर्जी ट्रांजेक्शन की तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपी बांस बरौलिया निवासी कौशल पुत्र विनय कुमार सिंह समेत दो लोगों पर आईटी एक्ट समेत विभिन्न मामले की रिपोर्ट दर्ज की थी।

शुक्रवार को पुलिस ने कौशल और उसके साथी हर्ष उर्फ छोटू पुत्र मनोज माहेश्वरी को गिरफ्तार कर लिया। उनका मोबाइल चेक किया तो उसमें फोन पे और पेटीएम की फर्जी एप मिली। जिसमें गुरुवार को फोन पे से सात पेड ट्रांजेक्शन किए मिले।

पूछताछ में कौशल ने बताया कि वह अपने साथी रंजीत पुत्र धीरपाल, आयुष पुत्र पिंकी तोमर, हर्ष उर्फ छोटू, अभिषेक पुत्र जगमोहन, शालू पुत्र अभिषेक के साथ मिलकर फर्जीवाड़ा करते हैं। वह फर्जी फोन पे और पेटीएम के क्यूआर कोड माध्यम से अपने-अपने मोबाइल में रखकर दुकानदारों व राहगीरों से ठगी करते थे।

# सोते समय महिला की नाक से सोने के फूल किए चोरी

**बदायूं, अमृत विचार :** चोर घेर में झोपड़ी में सो रही बुजुर्ग महिला की नाक से सोने का फूल और हाथों से चांदी के खड़ुआ निकालकर ले गए। सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव चतुरी नगला निवासी छेदा लाल पुत्र नत्थू ने बताया कि उनकी बुजुर्ग मां घर के बाहर घेर में पड़ी झोपड़ी में सो रही थी। रात में किसी तरह चोर वहां घुस आए। महिला के कान में पहना सोने का फूल, हाथ-पैर में पहले चांदी के खड़ुआ प्लास से काटकर ले गए। महिला ने शोर मचाया तो परिजन जाग गए। चोरों का पीछा किया लेकिन चोर भाग निकले। परिजनों के अनुसार चोरों ने उनके कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी थी। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाजार में औंधे मुंह गिरे आलू के दाम, मुश्किल में किसान

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** बाजार में लागू के दाम में भारी गिरावट है। भाव न मिलने की वजह से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। किसानों का लागत निकलना मुश्किल हो रहा है। स्थानीय मंडी में आलू के पैकेट का थोक भाव 200 से लेकर 250 रुपए की दर से बिक रहा है। फुटकर में भी आलू पांच से छह रुपए किलो बिक रहा है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि यह गिरावट दूसरे जनपदों और प्रांतों में मांग न होने की वजह से आई है। वहीं किसान अगली फसल की तैयारी के चलते औने पौने दाम में अपनी फसल को बेच रहा है।

उद्यान विभाग के मुताबिक जिले में आलू की पैदावार 28 हजार हेक्टेयर में हुई है। जबकि इसके इतर आलू की पैदावार करीब 45 हजार हेक्टेयर में की गई है। गत वर्ष आलू के दाम आसान में छू रहे थे। किसानों को काफी लाभ पहुंचा था। इस बार भी आलू के दाम अधिक होने की संभावना को देखते हुए किसानों ने मक्का जैसी अन्य फसलों की बुवाई के स्थान पर आलू की खेती को प्राथमिकता दी थी। उन्हें अपनी उपज को औने-पौने दामों में बेचने पर भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। मंडी के व्यापारियों का कहना है कि बाजार में आलू की आवक सामान्य है। मांग अधिक नहीं हो रही है। जिसकी वजह से दाम काफी कम हैं। आलू का भाव अधिक न होने की वजह से इसका सीधा असर किसानों की आय पर पड़ रहा है। आलू की खेती में बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई और मजदूरों पर काफी खर्च आता है। उचित मूल्य न मिलने पर यह पूरा निवेश डूब जाता है। किसानों का कहना है कि इस वर्ष उन्होंने आलू की खेती से अच्छी आमदनी की उम्मीद की थी, लेकिन बाजार की वर्तमान स्थिति ने सारी आशाओं पर पानी फेर दिया है। ऐसे में किसान अगली फसल करने के लिए खेतों को खाली कर आलू को औने पौने दामों में बेच रहे हैं। वहीं कुछ किसान आलू कोल्ड स्टोर में भंडारण की तैयारी में हैं।



खेत में खड़ी आलू की फसल ● अमृत विचार

- **आलू के दाम करने से किसानों की नहीं निकल रही लागत**
- **थोक में 200 से ढाई सौ रुपए बिक रहा आलू का पैकेट**

### आलू के गिरते दामों ने आशाओं पर फेरा पानी



इस बार आलू का दाम बहुत गिरा हुआ है। आलू बुवाई के दौरान लगाई गई लागत भी नहीं निकल पा रही है। नई फसल करनी है। इसलिए घाटा सहते हुए खेत आलू को जो भाव मिला उसी भाव बेच दिया। अब अगली फसल से उम्मीद रहेगी।

**जयराम**, किसान गांव मलिकपुर

### फसल की नहीं निकल रही लागत



पिछले साल की तरह इस बार भी आलू का भाव अच्छा रहने की उम्मीद थी। लेकिन आलू का दाम बाजार में बेहद कम है। इस बार लागत निकालना मुश्किल हो रहा है। अगली फसल करनी है। इसलिए जल्द ही खेत खाली कर आलू को कोल्ड स्टोर में भंडारित करेंगे।

**रामपाल**, किसान गांव कान्हा नगला

### स्थानीय बाजार पर बढ़ा है दबाव

मंडी में आलू की आवक लगातार बनी हुई है। लेकिन उपभोक्ताओं की मांग अधिक नहीं है। जो भी आलू मंडी में आ रहा है उसे दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। जिससे स्थानीय बाजार पर दबाव बढ़ा है। हम व्यापारियों की कोशिश है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, लेकिन बाजार की अपनी मजबूरियां हैं। **-राजेंद्र मौर्या** आलू व्यापारी

**कवायद** अंडरपास निर्माण में हो रही थी हीला हवाली, इज्जतनगर मंडल के रेल अधिकारियों ने किया था निरीक्षण

# निर्माण में ढिलाई पर लगी फटकार तो काम में आई तेजी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पिछले एक साल से रेलवे स्टेशन के निकट बन रहे अंडरपास के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगायी गयी, जिसके बाद काम में तेजी आ गयी। अब अंडरपास की सड़क और टीनशेड आनन फानन में तैयार किया जा रहा है।

रेलवे स्टेशन और ओवरब्रिज के मध्य रेलवे ने अंडरपास निर्माण पिछले साल मार्च में शुरू किया था। करीब पांच करोड़ की लागत से तैयार हो रहा अंडरपास काफी बड़ा बनाया जा रहा है। अंडरपास बनने के बाद संभावना है कि फर्रुखाबाद रोड का रेलवे क्रासिंग बंद कर दिया जाएगा। अंडरपास बना रही रेलवे की निर्माण कंपनी के करीब चार दर्जन कर्मचारी लगे हैं फिर भी काम में तेजी नहीं आ रही थी। फरवरी के प्रथम सप्ताह में इज्जत नगर बरेली के अधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर हो रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया।



अंडरपास सड़क पर डाला गया टीनशेड का जाल। ● अमृत विचार

इज्जत नगर की टीम ने रेलवे का निर्माणाधीन अंडरपास भी देखा। अंडरपास निर्माण में हीलाहवाली पर कड़ी फटकार लगाई गयी। निर्देशित किया गया कि तय समय सीमा के अंदर ही काम पूरा करना है। अधिकारियों की फटकार के बाद काम करने वाली संस्था ने दो दिन में अंडरपास की सड़क पर टीन शेड के लिए जाल बिछा दिया। आनन फानन में तैयार किये गए जाल पर आज दर्जनों मजदूरों को लगाया गया। कहा गया कि एक सप्ताह में एक साइड की सड़क के ऊपर जाल डाल कर टीनशेड डाल दिया जाएगा। दूसरी ओर की सड़क तैयार हो चुकी है। अब उसके ऊपर जाल तैयार किया जाएगा जिससे टीन शेड तैयार किया जा सके।

रेलवे प्रशासन ने शुक्रवार को बताया कि पिछले चार दिन से काम में तेजी आयी है। अंडरपास निर्माण में अतिरिक्त मजदूर लगाए गए हैं। जिससे अप्रैल माह तक अंडरपास तैयार किया जा सके।

### दुकानदारों में बनी संशय की स्थिति

अंडरपास पूरी तरह बनने के बाद रेलवे क्रासिंग के निकट बनी दुकानों को तोड़ा जाएगा। अभी तक दुकानदारों ने इस मामले पर रेलवे अधिकारियों से बात नहीं की है। दुकानदारों का कहना है कि फर्रुखाबाद रोड की ओर बनी दुकानों को तोड़ने की कोई सूचना नहीं है। लेकिन कुछ दुकानें अंडरपास सड़क के मुहाने पर हैं उनको तोड़ने की संभावना जताई जा रही है। दुकानदार इस बात को लेकर संशय में हैं। जबकि रेलवे प्रशासन की ओर से अभी तक कुछ नहीं कहा गया है।

### कर्मचारियों के आवास गेट पर पड़ी मिट्टी

रेलवे प्रशासन ने प्लेटफार्म दो के पीछे दीवार बना दी है जिससे बाहरी लोगों का आना जाना भी बंद हो गया है। रेलवे कॉलोनी के आवासों को जाने वाली सड़क भी बंद हो रही है। अंडरपास के काम में लगे वाहन और मजदूरों ने रेलवे कर्मचारियों के आवास के सामने मिट्टी के ढेर लगा दिए हैं जिससे कर्मचारियों को दिक्कत हो रही है। रेलवे कर्मचारियों का कहना है कि अंडरपास की सड़क खोद कर डाली गयी मिट्टी नहीं हटाई गयी है जिससे आने जाने में दिक्कत हो रही है।

# आढ़त से 40 कट्टे धान चोरी, कैमरे में कैद हुई घटना

**विजय नगला, अमृत विचार :** चोरों ने दातागंज मार्ग स्थित एक आढ़त से 40 कट्टे धान चोरी कर लिए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

बदायूं-दातागंज मार्ग पर थाना मूसाझाग क्षेत्र में गुलड़िया भट्ठे के पास गांव मचलई निवासी संजीव गुप्ता की शिव ट्रेडिंग कंपनी से आढ़त है। जहां वह किसानों के अनाज की खरीद फरोख्त करते हैं। उनकी आढ़ पर सरबती धान के कट्टे रखे हुए थे। पांच फरवरी की रात उनके बीस कट्टे चोरी कर लिए गए थे लेकिन कोहरा होने की वजह से सीसीटीवी कैमरे में स्पष्ट नहीं हो सका। जिसकी वजह से उन्होंने शिकायत नहीं की। 12 फरवरी की रात दो चोरों ने सरबती धान के बीस कट्टे चोरी कर लिए। इस बार की घटना कैद हो गई है। आढ़ती ने पुलिस को तहरीर दी है।

# तीन किग्रा अफीम के साथ दंपती गिरफ्तार

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस और लखनऊ की नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की टीम ने तीन किग्रा अफीम के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर शहर के मोहल्ला जालंधरी सराय के गली नंबर चार निवासी ज्ञान सिंह पुत्र कन्हई लाल और उसकी पत्नी को पकड़ा। जिनके पास से अवैध अफीम बरामद हुई। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में नारकोटिक्स ब्यूरो के निरीक्षक जीशान अली, सिपाही विकास कुमार, मालवीयगंज चौकी इंचार्ज हितेश कुमार, सिपाही सुशील कुमार, अर्चना राजपूत रहे।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**कादरचौक, अमृत विचार :** कादरचौक पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी गांव भूड़ा भदरौल निवासी अरजीत उर्फ टिप्पी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को को जेल भेजा गया है।

**कार्यालय बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली**

पत्रांक: 6129/का.ब.वि.प्रा./2024-25 दिनांक: 13.02.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रूहेलखण्ड एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट, बरेली द्वारा चेयरमैन डॉ. केशव कुमार पुत्र स्व. किशन कुमार निवासी- ए-6 रामपुर बाग, बरेली द्वारा स्थल- ग्राम अधलखिया खसरा सं.- 503, 504, ग्राम लालपुर खसरा सं.- 314, 316, 317, 322 एवं ग्राम नवदिया हरिकिशन खसरा सं.- 1, 3, 4, 17, 18, 19, 20 एवं ग्राम बैसपुर खसरा सं.- 12, 13, 14 जिला बरेली के क्षेत्रफल 63484 वर्गमी. पर होटल क्रिया के अन्तर्गत स्वीकृति हेतु शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया है। बरेली महायोजना- 2031 के अनुसार स्थल का भू- उपयोग आवासीय में दर्शित है। उ.प्र. के विकास प्राधिकरणों हेतु मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि तथा आदर्श (मॉडल) जोनिंग रेगुलेशन- 2025 के प्रस्तर 15.3.2 के क्रम संख्या- 2.6 के अन्तर्गत होटल क्रिया आवासीय भू-उपयोग में न्यूनतम 12 मीटर चौड़े मार्ग पर अनुमन्य है। स्थल के सम्मुख 30.00 मीटर चौड़ा महायोजना मार्ग दर्शित है। आदर्श (मॉडल) जोनिंग, रेगुलेशलन-2025 के प्रस्तर 15.1.3 के बिन्दु संख्या- (iv) में उल्लेख है कि " महोयाजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित ले-आउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जनता से आपत्ति/सुझाव आमंत्रित करने के उपरान्त दी जाएगी।" उक्त के क्रम में जन-सामान्य को कोई आपत्ति/सुझाव देने है, तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर प्राधिकरण लिपिक श्री मोहित कुमार (प्रथम) को प्राप्त करा सकते हैं। नियत अवधि के उपरान्त प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति/सुझाव को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उपाध्यक्ष
बरेली विकास प्राधिकरण, बरेली

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले ★गाल पिचके ★कमजोर स्त्री-पुरुष ★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 8 फरवरी 2026, रविवार 22 फरवरी 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076


# सांस रोगियों पर भारी पड़ रहा बदलता मौसम

## जिला अस्पताल के एक्स-रे रूम और सिटी स्कैन में भारी भीड़, फेफड़ों में निकल रहा इन्फेक्शन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ओपीडी के बाहर लाइन में लगे मरीज ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बदलता मौसम अब सांस रोगियों पर भारी पड़ रहा है। रात की सर्दी में फेफड़ों में इन्फेक्शन बढ़ रहा है जिससे मरीजों को एक्स रे कराने को लिखा जा रहा है। साथ ही सर्दी खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

जाती हुई ठंड ने एक बार फिर मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सर्दी खांसी ने लोगों को परेशान कर दिया है। बीमार लोग जिला अस्पताल की दौड़ लगा रहे हैं। जिससे अस्पताल में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हो रहा है।

शुक्रवार को जिला अस्पताल में नौ सौ से अधिक मरीजों ने पर्चे बनवाए। जिसमें से सांस के रोगियों की संख्या तीन सौ से अधिक रही। इसके बाद दो सौ बुखार के मरीजों को दवा दी गयी और सर्दी खांसी के मरीजों ने भी लाइन में लगकर दवा ली। फिजिशियन डा. शिवमोहन कमल ने बताया कि इस समय

- डाक्टर दे रहे परामर्श, इन दिनों में ठंड से बचकर रहें
- लापरवाही बरतने पर सेहत के लिए भारी पड़ सकता है मौसम

मौसम बदल रहा है। इसलिए सर्दी खांसी के मरीज बढ़ रहे हैं। इस मौसम में सांस रोगियों की समस्याएं बढ़ गयी हैं। उन्हें श्वास लेने में परेशानी हो रही है। सर्द मौसम के चलते फेफड़ों में इन्फेक्शन हो रहा है। इसलिए एक्स रे कराने के बाद ही दवा दी जा रही है। अनेक मरीजों को एक्स रे देख कर भर्ती किया गया है। उन्हे दिक्कत अधिक हो रही है। इसलिए भर्ती किया गया है। ऐसे करीब दो दर्जन मरीजों को 24 घंटे में भर्ती किया गया है।

डॉ. एसएम कमल ने कहा कि फेफड़ों में इन्फेक्शन होने से समस्या और बढ़ जाती है। इसलिए ऐसी स्थिति में मरीज को भर्ती करना पड़ता है।

डॉक्टरों की निगरानी में ही उन्हें दवा दी जाती है। बताया कि बुखार के मरीजों को भी डॉक्टरों की सलाह पर दवा लेने को कहा गया है। जब तक मौसम सामान्य नहीं होगा तब तक सांस रोगियों की मुश्किलें कम नहीं होंगी।

### टीबी अस्पताल में भी बढ़ रही मरीजों की संख्या

ऐसे मौसम में क्षय रोगियों की भी परेशानी बढ़ गयी है। इस लिए टीबी सेंटर पर कई दिनों से सैकड़ों मरीजों की भीड़ जुट रही है। संभावित क्षय रोगियों को एक्स रे कराने को लिखा जाता है। उनकी एक्स रे रिपोर्ट देख कर ही दवा दी जाती है। फरवरी महीने में 12 दिन में करीब 47 नए टीबी के मरीज सामने आए हैं। इसलिए इस मौसम में क्षय रोगियों को बिना जांच कराए दवा नहीं दी जाती है। शुक्रवार को 37 मरीजों की बलगम की जांच कराई गयी। इनकी जांच रिपोर्ट देख कर ही दवा दी जाएगी।

### आयुर्वेदिक अस्पताल में नहीं हैं दवाएं

सर्दी बुखार के मरीजों ने आयुर्वेदिक अस्पताल की दवा लेनी शुरू कर दी है। इसलिए आयुर्वेदिक अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ रही है। डाक्टरों का कहना है कि बदलते मौसम में बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। लेकिन आयुर्वेदिक अस्पताल में दवाएं कम होने से मरीजों को दिक्कत हो रही है। स्थानीय स्तर पर कुछ दवाएं खरीदी गयी थीं जो अब खत्म हो चुकी हैं। दवाओं की डिमांड पूरी नहीं हुई है। विभाग के सभी अस्पतालों में दवाओं की कमी बनी हुई है।

# शतरंज: सत्यम ने जीती प्रतियोगिता, जयंत द्वितीय



शतरंज की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते महाविद्यालय के छात्र। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में आयोजित किए गए इंडोर गेम्स

**अमृत विचार :** आवास विकास स्थित राजकीय महाविद्यालय के दो दिवसीय इंडोर गेम्स के अंतर्गत छात्र वर्ग की शतरंज, बैडमिंटन प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में सत्यम सक्सेना ने खिताब जीता। जयंत कुमार सिंह को दूसरा और रोहित शर्मा को तीसरा स्थान हासिल किया। निर्णायक डॉ. सचिन राघव व डॉ. गौरव कुमार सिंह रहे।

बैडमिंटन प्रतियोगिता में कड़ा संघर्ष देखने को मिला। बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के छात्र अंशुल कुमार ने खिताब अपने नाम किया। सतनाम सिंह को दूसरा और आरिश को तीसरा स्थान हासिल हुआ। छात्रा बैडमिंटन में बीए तृतीय सेमेस्टर की जोया अंसारी ने बाजी मारी। बीएससी तृतीय सेमेस्टर की प्रिया सागर को दूसरा और वर्षा सिंह को तीसरा स्थान मिला। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. अनिल कुमार, डॉ. संजय कुमार व डॉ. बबिता यादव रहे। प्रतियोगिता का संचालन क्रीड़ा सचिव डॉ. हुकुम सिंह के निर्देशन में हुआ। प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ने मेडल पहनाकर विजेताओं को सम्मानित किया। डॉ. सारिका शर्मा, डॉ जुनैद आलम, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ प्रियंका सिंह आदि उपस्थित थे।

# मिर्जापुर बेहटा में लगा निशुल्क शिविर





बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करतीं डा. प्रियंका ● अमृत विचार

संवाददाता, ओरछी

**अमृत विचार :** विकासखंड आसफपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय मिर्जापुर बेहटा में आयुष आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, मितरौली द्वारा आयोजित इस शिविर में बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के गुर सिखाए गए और निशुल्क औषधियां वितरित की गईं।

शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. प्रियंका कुशवाहा ने विद्यालय के 52 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इस दौरान छात्रों को विशेष रूप से त्वचा संबंधी समस्याओं (दाद-खुजली) के साथ-साथ वर्तमान मौसम में होने वाली सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी समस्याओं के लिए परामर्श और होम्योपैथिक दवाएं दी। छात्रों से डॉ. कुशवाहा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। उन्होंने बच्चों को अपने दैनिक आहार में दूध, दही, दालें, हरी सब्जियां और मौसमी फलों को शामिल करने की सलाह दी। साथ ही, शारीरिक स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और नियमित व्यायाम को निरोगी रहने का अचूक उपाय बताया। कार्यक्रम में होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. पूनम सिंह का विशेष मार्गदर्शन रहा। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. प्रियंका कुशवाहा के साथ विद्यालय की प्रधानाचार्या नीरज शर्मा व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। प्रधानाचार्य ने स्वास्थ्य विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण बच्चों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया।

# एड्स जागरूकता कैंप में की गयी लोगों की जांच

**बदायूं, अमृत विचार :** राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के अंतर्गत लोक स्मृति सेवा संस्थान द्वारा ब्लॉक बिसौली के गांव रामपुरिया भानपुर में एकीकृत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें जिला क्षय रोग अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी एड्स डॉ विनेश कुमार,एवं ग्राम प्रधान पंकज राणा द्वारा कैम्प का उद्घाटन किया गया। जिसमें सभी गांव के लोगो को एड्स के बारे में जानकारी दी गयी। अन्य बीमारियों की पहचान को स्क्रीनिग की गयी। शिविर में कुल 161 लोगों की जांचकी गयी जिसमें दो संभावित एड्स रोगी सामने आए।13 मरीजों को स्पूटम के लिए रेफर किया गया । जनरल दवाइयों का वितरण किया गया। साथ ही सघन जागरूकता एवं डोर टू डोर के माध्यम से जागरूक अभियान के अंतर्गत गांव के लोगो को एड्स के बारे में जागरूक भी किया गया ।

# मेडिकल कालेज में वायरल हेपेटाइटिस बी एवं सी उपचार केन्द्र का आरंभ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



मां सरस्वती की पूजा करते प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार व अन्य ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में वायरल हेपेटाइटिस बी एवं सी उपचार केन्द्र का शुक्रवार को हवन पूजन के साथ शुभारंभ किया गया। यह केन्द्र जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे हेपेटाइटिस बी एवं सी के रोगियों को समयबद्ध जांच, निःशुल्क उपचार, सुलभ परामर्श तथा नियमित फालोअप की समग्र सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेगी।

गायत्री परिवार के संजीव कुमार शर्मा ने वेद मंत्र उच्चारण कर मां सरस्वती का पूजन कराया। प्राचार्य प्रो. अरुण कुमार मुख्य यजमान के रूप में रहे। पूजन के बाद फीता काटकर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि वायरल हेपेटाइटिस एक गंभीर जन स्वास्थ्य समस्या है। इस केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य रोग की शीघ्र पहचान, प्रभावी उपचार एवं जागरूकता के माध्यम से संक्रमण की रोकथाम करना है। यह पहल संस्थान की समाज के प्रति प्रतिबद्धता और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के संकल्प को दर्शाती है। उन्होंने समस्त मेडिसिन विभाग, संकाय सदस्यों, चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ एवं प्रशासनिक टीम के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजकीय मेडिकल कालेज भविष्य में भी जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसी जनहितकारी पहलों को आगे बढ़ाने हेतु प्रतिबद्ध है। नोडल अधिकारी डा. नितेश पति तिवारी के कुशल समन्वय, सार्थक प्रयास, अदम्य साहस और समर्पण से केन्द्र की स्थापना साकार हो सकी।

# वेलेंटाइन-डे पर आज गश्त करेगा बजरंग दल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



बैठक लेते बजरंग दल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- पश्चिमी संस्कृति से देश की सांस्कृतिक मर्यादाओं पर पड़ रहा असर : अचल सक्सेना

**अमृत विचार :** पश्चिमी संस्कृति को बढ़ावा देते हुए मनाए जाने वाले वेलेंटाइन डे को लेकर बजरंग दल के पदाधिकारियों ने जिला धर्म प्रचार प्रमुख अचल सक्सेना के आवास पर बैठक की। कहा कि 14 फरवरी को जिस तरह पश्चिमी संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है उससे भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक मर्यादाओं पर असर पड़ रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर होने वाली अशोभनीय गतिविधियां समाज में अश्लीलता और अनुशासनहीनता को बढ़ावा देती हैं। जो हमारी परंपराओं के विपरीत हैं। इसको लेकर आज संगठन के लोग शांतिपूर्वक गश्त करेंगे।

संगठन के जिला मंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति हमेशा से संयम, सम्मान और मर्यादा पर आधारित रही है। इसी मूल भावना की रक्षा के लिए बजरंग दल हमेशा जागरूक रहा है और आगे भी रहेगा। इसी क्रम में संगठन के पदाधिकारी 14 फरवरी को जिले में शांतिपूर्ण तरीके से गश्त करेंगे। इसका उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्थानों पर मर्यादा और सामाजिक अनुशासन बनाए रखना है। कहा कि अगर इस दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या छल कपट के माध्यम से किसी को बहकाने (जिसे आम भाषा में लव जिहाद) का मामला सामने आता है तो कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जाएगी। जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। विभाग संगठन मंत्री योगेश पाठक, प्रांत युवा प्रमुख संजीव प्रजापति ने पदाधिकारियों के साथ योजना बनाई। उन्होंने कहा कि युवा अपनी संस्कृति का सम्मान करें। सार्वजनिक स्थानों पर शालीनता बनाए रखें और किसी भी तरह की अवैध या भ्रामक गतिविधियों से दूर रहें। संगठन का उद्देश्य शांति, संस्कार और सामाजिक मर्यादा को सुदृढ़ करना है।

# बाबा स्कूल में बच्चों का किया गया टीकाकरण

**बिल्सी,अमृत विचार :** नगर के बाबा इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए एमआर (खसरा-रूबेला) टीकाकरण अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बच्चों को खसरा व रूबेला जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षित रखना रहा। स्वास्थ्य विभाग की प्रशिक्षित टीम ने सभी आवश्यक सावधानियों के साथ बच्चों को टीके लगाए। टीकाकरण से पूर्व अभिभावकों को सूचित कर उनकी सहमति प्राप्त की गई। डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए सभी को ऐसे अभियानों में सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर प्रधानाचार्य रूपा माहेश्वरी, डब्ल्यूएचओ से डॉ. आमीन, एमओआईसी डॉ. अनिल गुप्ता, सपना सक्सेना, संगीता शाक्य व रश्मि चौहान आदि मौजूद रही।

# श्रद्धालुओं की भीड़ को करें व्यवस्थित, पार्किंग रहे दुरुस्त



गंगा घाट का निरीक्षण करते एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, उझानी

- महाशिवरात्रि के मद्देनजर एसएसपी ने किया गंगा घाट का निरीक्षण

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर सुरक्षा के मद्देनजर एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने कांवड़ यात्रा मार्ग और कछला स्थित भागीरथी घाट का निरीक्षण किया। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। संबंधित को व्यवस्था बनाने को निर्देशित किया।

त्यौहार 15 फरवरी को मनाया जाएगा। हजारों श्रद्धालु गंगा स्नान और जल लेने के लिए भागीरथी घाट जाएंगे। बरेली-मथुरा मार्ग से लेकर कछला जाने वाले मार्ग पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। जिसके चलते एसएसपी ने एसपी सिटी विजयेंद्र द्विवेदी, सीओ उझानी डॉ. देवेंद्र कुमार और उझानी कोतवाल के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाट पर हर बार बढ़ने वाली महिला श्रद्धालुओं की संख्या को लेकर भी जानकारी की। कोतवाल से कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी श्रद्धालु को परेशानी न हो। श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त रहे।

# गैस एजेंसी मैनेजर अचल शर्मा का निधन

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम मूसापुर स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर तैनात मैनेजर अचल शर्मा (45) का शुक्रवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। अचल शर्मा मूल रूप से तहसील क्षेत्र के ग्राम रतनपुर कोट के निवासी थे। वह लंबे समय से मूसापुर स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। दो दिन पूर्व उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। परिजनों ने उन्हें नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत में सुधार न होने पर उन्हें बरेली ले जाया गया। शुक्रवार को उपचार के दौरान उन्हें पुनः हृदयाघात पड़ा, जिससे उनका निधन हो गया।



अचल शर्मा।

## बदायूं डायरी

### मतदाता बनकर हर चुनाव में मतदान करें युवा



**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान स्थित डीपी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान के संबंध में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। 18 साल की उम्र पूरी कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए पंजीकृत किया गया। मुख्य अतिथि एनएसएस के नोडल अधिकारी डॉ. राकेश कुमार जायसवाल ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्राचार्य डॉ. भारत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संगोष्ठी में नोडल अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत की दिशा में सशक्त लोकतंत्र की स्थापना जरूरी है। जिसके लिए शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है। उन्होंने निर्धारित उम्र पूरी कर चुके युवाओं से मतदाता बनने के अलावा हर चुनाव में मतदान का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी दिव्यांश सक्सेना, अभिषेक, अवंतिका चांडक्य, महीपाल सिंह, ज्ञानेंद्र कश्यप, विनोद यादव आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया।



### ग्राम चौपाल में सीडीओ ने ग्रामीणों की सुनीं शिकायतें

**बदायूं, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर प्रत्येक शुक्रवार को जिले की दो दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों मे आयोजित ग्राम चौपालों में अधिकारियों ने उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुनने के बाद उनका निस्तारण किया। उझानी ब्लॉक की ग्राम पंचायत धमेई में आयोजित ग्राम पंचायत में सीडीओ ने लोगों की समस्याओं को सुना। विकासखंड उझानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत धमेई की ग्राम चौपाल में मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सीडीओ ने ग्रामीणों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुए उनका लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों से अपील की।



### जिला बार ने किया न्यायिक अधिकारियों का स्वागत

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला बार एसोसिएशन ने विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट सुयश प्रकाश श्रीवास्तव का गोरखपुर और अपर जिला जज प्रथम फराह मतलूब का सुल्तानपुर स्थानांतरण होने पर स्वागत किया गया। जिला बार के अध्यक्ष देवपाल सिंह और महामंत्री संदीप कुमार मिश्रा ने माल्यार्पण करके और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। महामंत्री ने कहा कि वह अच्छे न्यायिक अधिकारी हैं। उन्होंने अधिवक्ताओं का बहुत सहयोग किया है। अध्यक्ष ने कहा कि दोनों न्यायिक अधिकारियों का ट्रांसफर होने पर अधिवक्ताओं की ओर से उन्हें बुधाई। इस मौके पर प्रभारी जिला जज रिंकू मौजूद रहीं।

### शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा, लाउडस्पीकर की आवाज रखें कम



विजय नगलाअमृत विचार : आगामी त्यौहारों को लेकर शुक्रवार को थाना बिनावर के थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने ग्राम प्रधान व अन्य संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। सबसे पहले सभी से परिचय किया। बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि है। होली और रमजान का त्यौहार आने वाला है। 18 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। उन्होंने मस्जिदों के इमाम से लाउडस्पीकर की आवाज धीमी करने को कहा। जिससे बच्चों की पढ़ाई में बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने होलिका दहन स्थल से अवैध कब्जा हटाने की हिदायत दी। कहा कि कहीं भी बेवजह न घूमें और नई परंपरा डालने का प्रयास न करें। कहा कि अफवाह पर ध्यान न दें। खुराफातियों के बारे में पुलिस को सूचित करें। उन्होंने पुलिस का सहयोग करने का आह्वान किया। ग्राम प्रधान मुमताज, नेमपाल कश्यप, कोटेदार धीरेंद्र सिंह, पूर्व प्रधान दयालु सिंह, आदेश शर्मा, ठाकुर धीरेंद्र सिंह, यादराम मौर्य आदि मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

### कार की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

उझानी, अमृत विचार : कोतवाली उझानी क्षेत्र के गांव रोशन नगर निवासी अरुण चौहान पुत्र बलवीर और सुमित पुत्र राजेश शुक्रवार दोपहर लगभग सवा चार बजे जमरौली पुलिया के पास सड़क किनारे बाइक के साथ खड़े थे। उझानी की ओर से तेज रफ्तार से आई कार ने दोनों युवकों को रौंद दिया। चालक कार लेकर भाग या। राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। दोनों युवकों को राजकीय मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने अरुण चौहान को मृत घोषित कर दिया। घायल को रेफर किया गया।

### रुदायन क्षेत्र में आज 7 घंटे बंद रहेगी बिजली

करियामई, अमृत विचार : रुदायन विद्युत उपकेंद्र पर मरम्मत कार्य किया जाएगा जिससे शनिवार को करीब 7 घंटे संपूर्ण बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। रुदायन विद्युत उपकेंद्र पर शनिवार को आवश्यक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य किया जाएगा। इस कारण क्षेत्र में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।इस संबंध में टीजी 2 अवर अभियंता चार्ज प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि उपकेंद्र पर तकनीकी सुधार और उपकरणों की मरम्मत का कार्य प्रस्तावित है।

# जिले में सक्रिय 1.58 लाख जॉब कार्ड में अभी तक 87 हजार की ई-केवाईसी

## बिना ई-केवाईसी नहीं मिलेगा काम, जी राम जी में रजिस्टर्ड श्रमिकों को मिलेगा रोजगार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

अमृत विचारः केंद्र सरकार ने मनरेगा योजना में संशोधन किया है। जिसके विकसित भारत जी राम जी कर दिया है। ग्रामीण क्षेत्र में श्रमिकों को रोजगार दिए योजना की योजना को पारदर्शी बनाया जा रहा है। इसी दशा में श्रमिकों का चेहरा प्रमाणीकरण कराने के साथ ही उनकी ई-केवाईसी कराई जा रही है। लेकिन जिले में जिम्मेदारों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। अब तक मात्र 53 प्रतिशत श्रमिकों की ई-केवाईसी हो पाई है। जिन श्रमिकों की ई-केवाईसी हो चुकी है वही काम पाने के हकदार होंगे। शासन से निर्देश हुए हैं, वे मजदूर काम नहीं मांग पाएंगे, जिन्होंने ऑनलाइन सत्यापन नहीं कराया है।

- जिले में 2.44 लाख हैं जॉब कार्ड धारक श्रमिक

> ई-केवाईसी का काम चल रहा है। करीब 55 प्रतिशत सक्रिय श्रमिकों की ई-केवाईसी हो चुकी है। जिन श्रमिकों की ई-केवाईसी नहीं हुई है। उन्हें योजना के तहत काम नहीं मिलेगा। श्रमिकों की शत प्रतिशत ई-केवाईसी कराने के आदेश कर्मचारियों और ग्राम प्रधानों को दिए गए हैं।
> –अखिलेश कुमार चौबे, मनरेगा उपायुक्त

जिले के 15 ब्लॉकों की 1036 ग्राम पंचायतों में 2.44 लाख जॉब कार्ड धारक हैं। इनमें से कुल 1.58 लाख जॉब कार्ड धारक ही सक्रिय हैं। इन सभी सक्रिय जॉब कार्ड धारकों का चेहरा प्रमाणीकरण आधारित श्रमिकों की उपस्थिति (ई-केवाईसी) होनी है। अब तक राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली (एनएमएमएस) एप पर 87 हजार 847 श्रमिकों का डाटा अपलोड हो चुका है। कुल 55 प्रतिशत है। शासन की ओर से उपायुक्त को निर्देश मिले हैं कि जिन श्रमिकों की केवाईसी हो जाएगी, उन्हीं को जी राम जी में काम दिया जाएगा। यह फिर ई-केवाईसी धारक ही श्रमिक काम मांग सकेंगे। जिन श्रमिकों ने ई-केवाईसी नहीं कराई है। उन्हें काम नहीं दिया जाएगा। ई-केवाईसी कराने में लापरवाही बरते जाने पर जी राम जी उपायुक्त ने कर्मचारियों को पत्र जारी कर काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### नए वर्जन के एप पर दर्ज हो रही उपस्थिति

ई-केवाईसी न होने और प्रधानों की लॉगिन आईडी न बनने के कारण ग्राम पंचायतों में काम बंद पड़ा है। जिन ग्राम पंचायतों में प्रधानों की लॉगिन आईडी बन गई हैं। वहां पर काम शुरू हो गया है। करीब पांच सौ से अधिक ग्राम पंचायतों में प्रधानों की लॉगिन आईडी बन गई है। इनमें श्रमिकों की नये वर्जन का एनएमएमएस एप से ऑनलाइन हाजिरी भरी जा रही है। इसमें श्रमिक की आंख की पुतली और चेहरे की स्कैनिंग कर उपस्थिति दर्ज हो रही है। कार्यस्थल पर श्रमिक को मोबाइल कैमरे के सामने खड़ा कर स्कैन किया जा रहा। चार से पांच बार पलक झपकते ही स्वतः फोटो कैप्चर कर मस्टर रोल में दर्ज विवरण से मिला कर एआइ (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) उपस्थिति दर्ज कर रहा है।

## कांग्रेस ने निकाली चौदह किमी लंबी पदयात्रा



मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा निकालते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

संवाददाता, कार्यालय बदायूं

अमृत विचार : मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और योजना में किए गए हालिया बदलावों को वापस लेने की मांग को लेकर शुक्रवार को कांग्रेसियों ने मनरेगा बचाओ संग्राम पदयात्रा कादरचौक ब्लॉक के ग्राम ककोड़ा से उझानी तक निकाली। जिला शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से निकाली पदयात्रा का नेतृत्व पूर्व जिलाध्यक्ष, प्रदेश कॉर्डिनेटर ओमकार सिंह, शहर अध्यक्ष मुन्ना लाल सागर एवं जिला उपाध्यक्ष सुनीता सिंह ने किया। पदयात्रा में मुख्यातिथि निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल मौजूद रहे। पदयात्रा विधानसभा शेखूपुर के ब्लॉक कादरचौक के ग्राम ककोड़ा से शुरू होकर ग्राम निधानपुर, गफ्फार नगला, रेवा, खिरिया बाकरपुर, पतौरा, बुर्रा फरीदपुर, फतेहपुर, नरऊं, उझानी नगर में अम्बेडकर पार्क तक पहुंची। जहां पर राष्ट्रगान के साथ पदयात्रा का समापन किया, पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ता हाथों में कांग्रेस का झंडा और महात्मा गांधी का चित्र लिए हुए थे। वे मनरेगा के मूल स्वरूप की बहाली और हालिया संशोधनों को निरस्त करने की मांग कर रहे थे। ओमकार सिंह ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों और मजदूरों के लिए जीवनरेखा है। योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना उनके विचारों और श्रमिक हितों का अपमान है। मुन्ना लाल सागर, सुनीता सिंह ने कहा कांग्रेस हमेशा से श्रमिकों और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। मनरेगा के मूल स्वरूप से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ स्वीकार नहीं की जाएगी। चौपाल सभाओं का संचालन जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने किया। जिला सचिव उपासना चौहान ने भी विचार व्यक्त किये। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला सचिव वीरपाल यादव, कप्तान सिंह, रियासत खान, चंद्रपाल कश्यप, जगतसोनपाल वर्मा, छात्र नेता अरबाज़ रजी, इगलास हुसैन, मुन्नालाल पाल, शफी अहमद आदि रहे।


विवाद के दौरान लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

## बैरमई में मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर उपजा विवाद

संवाददाता, बिल्सी

अमृत विचार : कोतवाली बिल्सी क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग में शुक्रवार की सुबह एक प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत करा दिया। गांव के प्रधान पति रामसिंह शाक्य ने आरोप लगाया कि गांव स्थित प्राचीन मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए ग्रामीण एकत्र होकर कार्य शुरू कर रहे थे। इसी दौरान उनके ही समुदाय के एक व्यक्ति ने उक्त स्थान को अपनी निजी भूमि बताते हुए निर्माण कार्य रुकवाने का प्रयास किया। इस पर वहां मौजूद लोगों में कहासुनी होने लगी और भीड़ एकत्र हो गई। स्थिति बिगड़ती देख ग्रामीणों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्षों को शांत कराया।

क्राइम इंस्पेक्टर वीके मौर्य ने बताया कि मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया है। दोनों पक्षों को समझा दिया गया है और फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण, बदायूं**

पत्रांक: 101/मत्स्य आखेट/नीलामी/2025-26 दिनांक: 13.02.2026

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या:1/2019/33/1-2 -2019 (रिट)/2018 दिनांक: 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97 (1)/सत्रह - म -/1- 2024 दिनांक: 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में तहसील दातागंज (बदायूँ) के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के पाँच खण्डों तथा रामगंगा नदी के खण्ड सं0 - 5,6 तथा खण्ड सं0-7 में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी दातागंज की अध्यक्षता में दिनांक: 20.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तहसील सभागार दातागंज (बदायूँ) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक शुक्रवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियाँ जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमन्त्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तो के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 किमी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू0 56250.00 मत्स्य आखेट समिति दातागंज के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तो के लिए कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं0-325, विकास भवन बदायूँ (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य / सचिव, मत्स्य आखेट समिति तहसील दातागंज जनपद-बदायूं**

## दातागंज के हिंदू सम्मेलन में गूंजा हिंदू राष्ट्र का संकल्प

संवाददाता, दातागंज


विराट हिन्दू सम्मेलन में भाग लेते विधायक राजीव कुमार सिंह। ● अमृत विचार

अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर के रोडवेज स्थित एक लॉन प्रांगण में ''विराट हिंदू सम्मेलन'' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन में दातागंज नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवाओं और हिंदू समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और ओजस्वी हो उठा। सम्मेलन के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर 1008 शिवानंद महाराज ने कहा कि हम सभी को जाति-पात के भेदभाव से ऊपर उठकर केवल ''हिंदू'' की धारणा अपनानी होगी। उन्होंने अगली पीढ़ी को संस्कारित करने पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपने प्यारे भारत को जल्द ही हिंदू राष्ट्र बनाना है। मुख्य वक्ता डॉ. हरीश रौतेला (क्षेत्रीय सह संपर्क प्रमुख) ने हिंदुओं की एकजुटता और संगठन की शक्ति पर प्रकाश डाला। हिंदू समाज के उत्थान के लिए संगठित रहने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि मधुसूदन आचार्य महाराज (दियोचारी आश्रम) और बहन गीता सिंह ने भी धर्म रक्षा पर अपने विचार रखे।

क्षेत्रीय विधायक एवं सभापति विधायन समिति राजीव सिंह ''बब्बू'' भैया ने हजारों हिंदू बंधुओं के साथ सम्मेलन में पहुंचकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। उन्होंने सनातन संस्कृति के संरक्षण हेतु ऐसे आयोजनों को मील का पत्थर बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णपाल शर्मा ने की। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा नैना गुप्ता, प्रमुख समाजसेवी अनूप गुप्ता, सुबोध गुप्ता, आसित भ, विजय कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह तोमर एडवोकेट, मनी गुप्ता, सत्यपाल, संजीव गुप्ता समेत भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### हिन्दू सम्मेलन में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बढ़ावे पर जोर



आसफपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कस्बा आसफपुर में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, संघ पदाधिकारियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष एवं कवि माधव मिश्र तथा संघ के प्रचारक विशाल कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात देवनागरी पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों और नागरिकों का मन मोह लिया। छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। सम्मेलन में वक्ताओं ने देश को सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की दिशा में आगे बढ़ने पर बल दिया, तथा हिन्दू समाज की एकता और संगठन की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय मार्तण्ड ने किया। इस अवसर पर छोटेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीकरी के प्रबंधक अनूप पाराशरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मयंक पाठक, आशीष दीक्षित, पीयूष पाराशरी, देवनागरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक राघवेंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य अमरपाल यादव, ग्राम प्रधान शिवजीत सागर, त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य करतार सिंह, संघ के मंडल प्रचारक भगवान सिंह, गिरीन्द्र मिश्रा, राजेश दीक्षित फौजी, हर्षित मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर मिष्ठान वितरण किया गया तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)**

पत्रांक : 680/न.पा.परि.आ./2025-26 दिनांक : 11.02.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा नगर पालिका परिषद आंवला/पब्लिक सेक्टर/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार अन्य सरकारी विभाग में पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि निकाय को 15वां.वि.आ. अन-टाईड अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से प्रस्तावित निम्न निर्माण कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से दिनांक 06.03.2026 को समय अपरान्ह 01:00 बजे तक ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसके ऑनलाइन निविदा प्रपत्र https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं जो कि दिनांक 14.02.2026 से 06.03.2026 को समय अपरान्ह 01:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड किये जा सकते है। कार्यो का विवरण निम्नवत् है।

| क्र.सं. | कार्य विवरण | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी | निविदा मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली पी.डब्लू.डी. रोड से शराफत के मकान तक व दीवार के पास से आरिफ के मकान होते हुये कलीम के मकान तक नई बस्ती बजीरगंज रोड वार्ड सं. 01 | 1112997 | 22300 | 1200+216 | 3 माह |
| 2. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली होली चौक मोहल्ला विलायतगंज वार्ड सं. 01 | 1191893 | 23900 | 1200+216 | 3 माह |
| 3. | निर्माण इ.ला. रोड व नाली बलि हसन के मकान से कमल हसन के मकान तक व मुजाजिद के मकान से सहीद के मकान होते हुये नासिर के मकान तक गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 264996 | 5300 | 300+54 | 3 माह |
| 4. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली आलम के मकान से रोजी के मकान तक मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 134516 | 2700 | 150+27 | 3 माह |
| 5. | निर्माण इ.ला. रोड व नाली सरताज के मकान के पास व जाबिर के मकान वाली गली मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 203944 | 4100 | 250+45 | 3 माह |
| 6. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली रामलाल के मकान से गीता देवी के मकान तक मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 05 | 190292 | 3850 | 200+36 | 3 माह |
| 7. | निर्माण इं.ला. रोड व नाली अकमल के मकान से नईम के मकान तक व मोबिन के मकान से सलीम के मकान तक मोहल्ला गौसिया चौक नई बस्ती वार्ड सं. 05 | 254821 | 5100 | 300+54 | 3 माह |
| 8. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली कूड़ा घर के पास से देवेन्द्र की चक्की के पास पुलिया तक बख्शी वार्ड सं. 09 | 710837 | 14250 | 750+135 | 3 माह |
| 9. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली चेतराम के मकान से यादराम के मकान तक व लालमन वाली गली मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 15 | 1066821 | 21350 | 1100+198 | 3 माह |
| 10. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली वर्मा जी के मकान से धारा सिंह के गोदाम के पास तक का कार्य मुन्सिफ कोर्ट के सामने वार्ड सं. 16 | 381760 | 7650 | 400+72 | 3 माह |
| 11. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली सफीक अहमद के मकान तक नासीर के मकान तक का कार्य मोहल्ला खेड़ा वार्ड सं. 20 | 1217219 | 24500 | 1250+225 | 3 माह |
| 12. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली रामप्रसाद के मकान से मास्टर बनवारी के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 421825 | 8450 | 450+81 | 3 माह |
| 13. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली शंकर के मकान से छोटेलाल के मकान तक व बृन्दावन के मकान से भोले के मकान तक तथा सोमपाल के मकान से राजकुमार के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 359313 | 7200 | 400+72 | 3 माह |
| 14. | निर्माण इ.ला.टा. रोड व नाली संजय के मकान से तेजपाल के मकान तक तथा सर्वेश के मकान से दीपचन्द्र के मकान तक मोहल्ला बेहटा जूनु वार्ड सं. 25 | 248353 | 5000 | 300+54 | 3 माह |
| 15. | निर्माण सी.सी. रोड व नाली लक्ष्मी नर्सिंग होम के पास से महेश के मकान होते हुये भूपराम के मकान तक मोहल्ला किशन टोला वार्ड सं. 25 | 454395 | 9100 | 500+90 | 3 माह |

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद आंवला (बरेली)**

## उरैना गांव पहुंचे तीन शव, गमगीन माहौल में अंत्येष्टि

संवाददाता, वजीरगंज

- गुरुवार देर शाम बिसौली-उघैती मार्ग पर हुआ था हादसा


शव गांव पहुंचने पर लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचार : तीन परिवारों की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। गुरुवार देर शाम हादसे में वजीरगंज क्षेत्र के गांव उरैना निवासी तीन बच्चों की मौत हुई। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार शाम शव गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया। एक साथ तीन अर्थियां देखकर ग्रामीणों की आंखें नम हो गईं। गमगीन माहौल में शवों का अंतिम संस्कार किया गया।

ग्राम उरैना निवासी देवीदास अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ ट्रैक्टर-ट्राली से भांजी की शादी में भात पहनने के लिए उघैती थाना क्षेत्र के गांव तिगरा जा रहे थे। गुरुवार की देर शाम बिसौली-उघैती मार्ग पर गांव सरह बरौलिया के पास सामने से आई दूसरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई, जिसमें करीब 30 लोग सवार थे। हादसे में 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि 15 साल की राखी पुत्री गिरधारी, 13 साल की पूजा पुत्री मदनलाल और 12 साल के नितिन पुत्र उपेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। शुक्रवार दोपहर लगभग चार बजे तीनों शव गांव पहुंचे। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव में मातम छा गया ।बच्चों की असमय मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। गमगीन माहौल में तीनों शवों का अंतिम संस्कार किया गया। वजीरगंज प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

## बिल्सी में धड़ल्ले से हो रहा अवैध खनन

संवाददाता, बिल्सी


थाने में खड़ा मिट्टी से भरा डम्पर। ● अमृत विचार

अमृत विचार : तहसील क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का कारोबार इन दिनों धड़ल्ले से जारी है। प्रशासन सख्ती के बावजूद खनन माफिया बेखौफ होकर खेतों और जंगलों से मिट्टी का उठान कर रहे हैं। खनन अधिकारी की कथित उदासीनता के बीच अब एसडीएम के निर्देश पर शुक्रवार को राजस्व टीम ने कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को पकड़ लिया। एसडीएम प्रेमपाल सिंह के निर्देश पर नायब तहसीलदार मोहित कुमार राठी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने क्षेत्र के गांव सूरजपुर जंगल में छापेमारी की। टीम को मौके पर एक जेसीबी मशीन और एक डंपर अवैध खनन में संलिप्त मिले। दोनों वाहनों को तत्काल कब्जे में लेकर बिल्सी कोतवाली पहुंचा दिया गया। प्रशासन द्वारा दोनों वाहनों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यदि खनन संबंधी वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गए तो संबंधित के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। बताया जाता है कि तहसील क्षेत्र के सूरजपुर, बैरमई, बादशाहपुर, बागरपुर और सागरपुर आदि गांवों में लंबे समय से मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद खनन अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे थे, जिसके चलते खनन माफिया के हौसले बुलंद थे। एसडीएम ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

आवश्यकता है
लोहे/स्टील के कार्य हेतु अनुभवी व्यक्ति की जिसको लोहा खरीदने, बेचने, बिल बनाने, स्टाक रजिस्टर बनाने का अनुभव हो।
वेतन योग्यतानुसार
श्रीवर्धमान स्टील
निकट आदर्श धर्मकांटा, प्रेम नगर, बरेली
9411011666

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

